हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 11 जनवरी, 2024

*राजनांदगांव। शहर की शान कहे जाने वाले दिग्विजय स्टेडियम को नया स्वरूप देने के लिए करीबन एक दशक पहले तत्कालीन सरकार ने 54 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च कर काम कराया था। पांच साल पहले बनकर तैयार हुए इस स्टेडियम में जनरेटर से लेकर फ्लड लाईट, कमरों में एसी व पंखे जैसे उपकरण लगाए गए थे। स्टेडियम में वह सभी सुविधाएं दी गई थी, जो इसे आधुनिक बना रहा था, लेकिन कुछ सालों में ही स्टेडियम की हालत खराब हो गई है। देखरेख के अभाव से स्टेडियम में जगह-जगह कमजोर हो चुके हाल दिखाई देने लगे हैं। आलम यह है कि लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए जनरेटर, एसी और अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों के पार्टस की चोरी कर ली गई है। जिम्मेदार अफसर को यह तक नहीं पता कि कब और किसने यह चोरी की है। बैठने के लिए लगाई गई कुर्सियों से धूल तक नहीं हटाई जाती। महीनों धूल जमा रहने से कुर्सियों की हालत भी खराब हो रही है, उसके रंग उड़ने के साथ ही कई जगहों पर कुर्सियां टूट भी गई है। इसके अलावा स्टेडियम की कई दीवारों पर दरारें पड़ने लगी है। स्टेडियम के ज्यादातर कमरों की हालत भी ऐसी है, उनकी मरम्मत कराने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।*

अलग खबर



### विस अध्यक्ष से शिकायत


एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को यहां आए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भाजपा नेताओं ने इस आशय की शिकायत भी की है। वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व सीएम से कहा है कि इस पूरे मामले की जांच कराई जानी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई भी की जाए।

# अनदेखी का शिकार हुआ दिग्विजय स्टेडियम!

## करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी हालत खराब, एसी के पार्टस चोरी-पंखे खराब

### बैठक में भी उठा मामला

एक दिन पहले ही दिग्विजय स्टेडियम समिति की बैठक में भी भाजपाई नेताओं ने स्टेडियम की हालत को लेकर जमकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि प्रशासन के साथ ही प्रभारी अफसरों की लापरवाही के चलते ही करोड़ों रुपए खर्च कर बना स्टेडियम आज इस हालत में है। नेताओं ने यह भी कहा कि उसकी स्थिति सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करने के साथ ही बेहतर मॉनिटरिंग और देखरेख के लिए टीम बनाया जाए।



### अब तक समतल नहीं

भले ही स्टेडियम का लोकार्पण पांच साल पहले ही कर दिया गया हो, लेकिन आज भी स्टेडियम पूरी तरह से समतल नहीं हो पाया है। किसी प्रतियोगिता से पहले रोलर चलाकर उसे समतल किया जाता है, लेकिन सही तरीके से घास नहीं लगाने और ध्यान नहीं देने के कारण मैदान में फिर से स्थिति खराब हो जाती है। इससे रोजाना खेलने आने वाले युवाओं को भी दिक्कतें हो रही है।



### एफआईआर दर्ज भी नहीं

दिग्विजय स्टेडियम कमेटी के भंग होने के बाद से ही पूरा काम प्रशासनिक अफसरों के हाथों में है। इस कमेटी में शहर के न तो कोई खिलाड़ी शामिल हैं और न ही कोई जनप्रतिनिधि। पिछले पांच सालों से दिग्विजय स्टेडियम में लगी लाईटों से लेकर जनरेटर और कई सामान चोरी हो चुके हैं, लेकिन आज पर्यन्त तक कमेटी ने इस आशय की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज नहीं कराई है। यही नहीं इस कैंपस में सांई का ट्रेनिंग सेंटर भी चल रहा है। वहां लगातार आवाजाही और चौकीदार भी नियुक्त है, फिर भी चोरी की घटनाएं होते रही।

## खबर संक्षेप

### रेंगाकठेरा बखत में मंडई 12 को

**राजनांदगांव।** ग्राम रेंगाकठेरा बखत में मंडई 12 जनवरी को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मंडई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि में मनोरंजन के लिए मया के सुरता संस्कृति कार्यक्रम ग्राम डिलापहरी वालों का रखा है। आयोजन समिति द्वारा अधिक से सख्या में उपस्थित होकर कर्यक्रम को सफल बनने की अपील की है। उक्त जानकारी गणेश साहू ने दी।

### 12 ग्राम पंचायतों में आज शिविर

**मोहला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 11 जनवरी को 12 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत डोंगरगांव व अरजकुण्ड एवं में सुबह 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत हांडीटोला व मुरेटीटोला में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा।
इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत तेरेगांव व डोकला में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत कोहका व सरोली में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खंड मोहला के ग्राम पंचायत आलकंहार व मुकादाह में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत मरारटोला शेरपार में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा।

### हर केंद्र में अधिक खरीदी करने का फरमान, संसाधन की कमी, चिंता

# शेष 14 दिनों में 47 हजार किसानों से खरीदी की कवायद, खरीदी लिमिट 30% तक इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवंबर महीने से शुरू हुई धान खरीदी में अब भी लाखों की संख्या में किसान अपनी उपज बेचने से बाकी रह गए हैं। अविभाजित राजनांदगांव जिले में ही करीबन 47 हजार किसान ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक समर्थन मूल्य पर अपना एक दाना धान भी नहीं बेचा है। ऐसे में 31 जनवरी तक चलने वाली खरीदी प्रक्रिया में अब शेष 14 दिनों में इन शेष किसानों से खरीदी पूरी करने की कवायद बढ़ा दी गई है। हर किसान से उसका धान खरीदने के लिए उपार्जन केंद्रों की डेली लिमिट में बढ़ोत्तरी की गई है, हर केंद्र में यह 30 फीसदी तक बढ़ाया गया है। जिससे खरीदी का आंकड़ा बढ़ सके।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी शुरू होने से पहले ही जिलावार एक अनुमानित खरीदी का लक्ष्य तय कर लिया जाता है। हालांकि सत्ता परिवर्तन के बाद प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट बढ़ने से टारगेट में भी इजाफा देखने को मिला है। करीबन 70 दिन की खरीदी प्रक्रिया निपटने के बाद भी जिले में 20 फीसदी से अधिक किसान धान बेचने के लिए शेष हैं। पहले दो महीने तक सुस्त परिवहन की रफ्तार के चलते कई केंद्रों में लिमिट अनुसार भी खरीदी नहीं हो पा रही थी। जिसके चलते ही किसानों को समय पर टोकन नहीं मिला पाया। अब जब उठाव ने रफ्तार पकड़ी है, तो बड़ी संख्या में किसान टोकन लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन डेली खरीदी की लिमिट के कारण गिनती के किसान को ही टोकन मिल पा रहा है।



### कम पड़ रहे हमाल

भले ही प्रदेश स्तर से केंद्रों की डेली खरीदी लिमिट में इजाफा कर दिया गया हो, लेकिन सीमित हमाल और संसाधन के चलते खरीदी का आंकड़ा नहीं बढ़ पा रहा है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि खरीदी की अवधि बढ़ाए जाने से किसानों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार खरीदी प्रक्रिया धीमे परिवहन के कारण कई दिनों तक प्रभावित रही है।

### 10 फरवरी तक करना होगा उठाव

इस बार की धान खरीदी प्रक्रिया में पहले दिन से ही उठाव की धीमी रफ्तार समस्या का कारण बनी रही। अब भी उठाव उस गति से नहीं हो पा रहा है कि जितनी गति की मांग है। हालांकि फिर भी अधिकांश केंद्रों में नई खरीदी के लिए कुछ जगह बन पाई है। इधर राज्य शासन की तरफ से भी सभी जिलों में 10 फरवरी से पहले तक उठाव पूरा करने के संकेत मिल गए हैं। यही कारण है कि जिला स्तर पर भी मिलर्स पर दबाव डालकर उठाव की रफ्तार तेज कराई जा रही है।

### नांदगांव में 25 हजार किसान

अविभाजित जिले में करीबन 47 हजार किसान से धान खरीदी होना बाकी है। इधर इनमें सबसे अधिक किसान राजनांदगांव के बचे हुए हैं। राजनांदगांव जिले में इस बार 128080 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। जिसमें से अब तक 103000 किसान ने धान बेच दिया है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 68177 किसान ने पंजीयन कराया था और अब तक 55000 ने धान बेच लिया है। मोहला-मानपुर में 43122 किसान ने पंजीयन कराया था। अब तक 28018 किसान से खरीदी हो चुकी है।

# आरक्षक हत्याकांड का आरोपी एसआई दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बहुचर्चित आरक्षक आरती कुंजाम हत्याकांड में आज शाम 5 बजे विशेष न्यायाधीश राजनांदगांव ने आरोपी सब-इंस्पेक्टर डीपी नापित को इस जघन्य हत्याकांड से दोषमुक्त कर दिया है। साढे 5 साल चले मामले में पुलिस ने न्यायालय में अपराध सिद्ध नहीं कर पाई।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी थाना में पदस्थ आरक्षक आरती कुंजाम 20 अगस्त 2018 को बिना किसी सूचना के गायब मिली। इधर परिवारजन तथा अंबागढ़ चौकी पुलिस गुमशुदा आरक्षक की तलाश में जुटे रहे। उधर सिर, हाथ, पैर कटी शव डोंगरगांव थाना के करीब बगदाई नदी में तैरते हुए नग्न अवस्था में मिली। डोंगरगांव पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या का एफआईआर दर्ज कर तत्कालीन थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगावरकर की टीम मामले को जांच में लिया। विवेचना के दौरान 31 अगस्त को बहुचर्चित हत्याकांड में अंबागढ़ चौकी थाना में ही पदस्थ सब-इंस्पेक्टर डीपी नापित को आनन-फानन में गिरफ्तार करते पुलिस ने प्रेम-प्रसंग के तहत मृतिका द्वारा प्रताड़ित करने के आरोपों में हत्या किए जाने का प्रकरण तैयार कर हिरासत मे लिया। आज शाम 5 बजे विद्वान विशेष न्यायाधीश थॉमस एक्का राजनांदगांव ने सब-इंस्पेक्टर डीपी नापित को सारे आरोपों से मामले में दोषमुक्त कर दिया है। गौरतलब है कि पुलिस विभाग ने अपने ही आरक्षक के परिवार को न्याय नहीं दिला पाई। न्यायालय में अपराध सिद्ध नहीं कर पाने की वजह से न्यायालय का आज इस प्रकरण में बड़ा फैसला सामने आया है।

### पैरों में लगे राड से डिटेक्ट हुआ था शव

आरती कुंजाम के 20 अगस्त 2018 को अंबागढ़ चौकी से लापता होने के बाद डोंगरगांव-बगदई नदी में तीन दिन बाद मिले शव के दोनों जंघे में लगे स्टील रॉड से शव की पहचान आरती कुंजाम के रूप में हुआ था।

### सिर, हाथ-पैर खोज नहीं पाई पुलिस

आरक्षक हत्याकांड में सब-इंस्पेक्टर डीपी नापित को हिरासत में लेकर आरोपी बनाया गया, परंतु आज तक पुलिस महकमे ने आरती कुंजाम के अन्य अंग हाथ, पैर और सिर बरामद नहीं कर पाई।

बरडिया
ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎ 07744-407161
100%
स्वर्ण वापसी
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

### गांव में पसरा मातम

# नववर्ष के दिन सड़क दुर्घटना में घायल हुए दोनों युवाओं की मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर विकासखंड के खड़गांव थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलकोड़ो के चोरिया पारा के लिए नववर्ष की शुरूआत किसी सदमा से कम नहीं रहा। गांव के दो परिवार की खुशियों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दुर्भाग्य था कि नववर्ष के पहले ही दिन गांव के युवा लड़के खुशी के मौके पर दोस्तों के साथ घूमने निकले थे कि मानपुर और मोहला के बीच उमरपाल केशवटोला मोड़ पर संध्या 5 बजे उनकी मोटर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक में बैठे तीन में से दो लड़के बुरी तरह से घायल हो गए, जिन्हें 112 सरकारी वाहन से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में भर्ती किया गया, जहां शुरूआती जांच उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया।

नववर्ष के दिन घटित घटना की जानकारी लगते ही दोनों परिवारों के साथ-साथ पूरा गांव चिंता के भंवर में डूबा हुआ था। हितेश चौडिया की मौत की खबर गांव में फैली और गमगीन माहौल में रात्रि 10 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं एक परिवार में शांति पूजन के दिन दूसरे बच्चे की मौत की खबर आ गई। जिससे पूरा गांव शोक की लहर में डूब गया और गमगीन माहौल में पूरा गांव परिवार और इष्टजनों के साथ उनका विधिवत अंतिम संस्कार रात 11 बजे किया गया।

**माता-पिता के इकलौते लड़के :** मृतक दोनों युवक अपने परिवार में ज्येष्ठ और इकलौते पुत्र थे। दोनों के परिवार में दो छोटी बहने हैं, जिनका नाम चंचल है। हितेश की बहन चंचल 14 साल की है, जो कक्षा 9वीं में अध्ययनरत है। वहीं यावेंद्र की बहन चंचल 8 साल की है, जो कक्षा तीसरी की छात्रा है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों के सिर से अल्पकाल में भाईयों का सहारा छीन जाना किसी त्रासदी से कम नहीं है। दोनों बहन की राखी भाई की कलाई के लिए तरसती नजर आएगी। यह सोंच-सोंचकर परिवार का एक-एक सदस्य दुखी है।

### जांच उपरांत डीकेएस के लिए रिफर

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भर्ती उपरांत चिकित्सकों की टीम ने दोनों घायलों को सिर तथा चेहरे में गंभीर चोंट होने के कारण 108 से राजधानी के डीकेएस हॉस्पिटल में रिफर किया, जहां जिंदगी और मौत के बीच लड़ते हुए दोनों परिवार के कुलदीपक हितेश चौडिया ने 5 जनवरी की तड़के 3 बजे तथा यावेंद्र तुलावी ने 9 जनवरी की रात्रि 1.30 बजे अंतिम सांस लिया।

### माए एंगल




# शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**छुरिया।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगा ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया ने थाना छुरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसकी नाबालिग लड़की 16 वर्ष 6 माह को 7 जनवरी की रात्रि आरोपी भूपेन्द्र निषाद निवासी ग्राम कोनारी थाना डोंगरगांव द्वारा बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगा ले गया है कि रिपोर्ट पर आरोपी भूपेन्द्र निषाद के विरूद्ध थाना छुरिया में धारा 363, 366 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिव चन्द्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी भूपेंद्र निषाद के निवास स्थान ग्राम कोनारी रवाना किया गया। प्रकरण के अपहता आरोपी के कब्जे में उसके घर में थी। पुलिस द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं दोनों को सकुशल थाना छुरिया लाया गया। अपहता की महिला पुलिस अधिकारी से धारा 161 जाफौ के अंतर्गत कथन कराया गया, जिस पर अपहता के कथनानुसार प्रकरण में धारा 376, 376(2) (ढ) भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई। आरोपी भूपेन्द्र कुमार निषाद पिता तुलाराम निषाद 24 साल निवासी ग्राम कोनारी से पूछताछ की गई, जिस पर आरोपी द्वारा जुर्मकारित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

# बैठक में समझाइश के बाद माना ड्राइवर संघ हड़ताल आज होगी समाप्त, काम पर लौटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून में किए गए बदलाव से नाराज होकर विरोध प्रदर्शन में जुटा ड्राइवर संघ आज से फिर काम पर लौट आएगा। दो दिनों की हड़ताल के बाद बुधवार को कलेक्टर सहित आला अफसरों के साथ हुई संघ की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि आज से हड़ताल समाप्त कर काम शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि ड्राइवर संघ का कहना है कि यदि केंद्र सरकार इस बदलाव को लागू करेगी तो फिर वे सड़क पर उतरकर अपनी लड़ाई लड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने हिट एंड रन मामले में सजा को सख्त कर दिया है। इसी बदलाव को लेकर पिछले एक पखवाड़े से देशभर में वाहन चालकों में नाराजगी देखने को मिल रही है। साल के शुरूआत में तीन दिवसीय प्रदर्शन के बाद 9 और 10 जनवरी को भी ड्राइवर संघ ने अपना विरोध जताने के लिए स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन की शुरूआत कर दी थी। हालांकि अब यह हड़ताल समाप्त हो गई है।



### बुधवार को आई दिक्कतें

ड्राइवर संघ द्वारा 9 और 10 जनवरी को किए गए स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन में पहले दिन केवल ट्रक वाहन चालक ही शामिल थे, लेकिन दूसरे दिन बुधवार को बस चालक सहित अन्य वाहन चालकों ने भी काम बंद कर प्रदर्शन का साथ दिया। हालांकि बहुत से वाहन चालक काम पर रहे। जिसके चलते अधिक संकट देखने को नहीं मिला, लेकिन फिर भी ट्रासंपोर्टिंग के जरिये आने वाले सामान के साथ ही कुछ रूट की बसें भी बुधवार को प्रभावित रही।

### बैठक में निकला हल

मंगलवार से स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन की शुरूआत कर काम बंद करने वाले ड्राइवर संघ से बुधवार को एक बैठक की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल के साथ ही परिवहन विभाग और वाहल मालिकों की उपस्थिति में हुई इस बैठक में ड्राइवरों को यह समझाया गया कि अभी कानून लागू नहीं किया गया है। उन्हें बताया गया कि केंद्र सरकार ने भी साफ कर दिया है कि कानून लागू होने से पहले ड्राइवर संघ के प्रतिनिधियों से बात की जाएगी। उसके बाद ही नियम लागू होगा। इस बैठक के बाद ही ड्राइवर संघ ने स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन आज से स्थगित करने का मन बनाया है।

## कुल 126 प्रकरण के खिलाफ कार्रवाई कर 58600 शुल्क वसूला

# बगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ एक्शन में पुलिस, 75 का काटा चालान..तीन सवारी के भी 27 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात विभाग ने अब नियमो की अनदेखी करने वाले वाहन चालको के खिलाफ एक्शन लेना शुरु कर दिया है। बगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालो से लेकर तीन सवारी और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालो पर सख्ती बरती जा रही है।

यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत 75 बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई के साथ कुल 126 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 58600 रुपए जुर्माना वसूला गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 9 जनवरी को राहुल भगत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज एवं ,एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक एवं यातायात टीम द्वारा बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई तेज कर दी है।





### 126 वाहन चालकों से समन शुल्क वसूली

बिना हेलमेट में 75 प्रकरणों में 37500 रुपए, तीन सवारी 24 प्रकरण में 7200 रुपए एवं अन्य धाराओं में 27 प्रकरणों में 13900 रुपए कुल 126 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर कुल 58600 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। मॉडिफाई साइलेंसर में 5 बुलेट पर कार्रवाई कर प्रत्येक वाहनों में 5000 रुपए जुर्माना वसूला गया।

### अधिकांश मामले में हेलमेट ही कारण

पिछले कुछ सालो में लगातार सड़क हादसो की संख्या में इजाफा देखने को मिला है। इनमें अधिकांश मामले में दो पहिया वाहन चालको के बिना हेलमेट होने की बातें सामने आते रही है। ऐसे में अब बगैर हेलमेट वाहन चलाने वालो के खिलाफ एक्शन लेना शुरु कर दिया है। हालांकि यातायात विभाग नेश्नल हाईवे में ही फिलहाल कार्रवाई कर रहा है।

## सार समाचार

### मिताली अध्यक्ष, रमेश बने महासचिव



**डोंगरगांव।** हमारा प्यारा हिंदुस्तान साहित्य संस्था की छत्तीसगढ़ इकाई का पुनर्गठन संस्था के संस्थापक निर्दोष ने किया है। संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक रमेश जैन राही ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई की कार्यकारिणी में संस्थापक निर्दोष, संस्थापिका रिंकु दुबे, वैष्णवी, संरक्षक डॉ. ओमकार साहू, अध्यक्ष - मिताली वर्मा, उपाध्यक्ष चन्द्रा साहू, महासचिव रमेश जैन राही, सचिव मीनू राजेश शर्मा, समीक्षक शुचिता नेगी को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि संस्था की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा प्रथम अधिवेशन इस्पात नगरी भिलाई में सम्पन्न हुआ था। अगली कड़ी में रायपुर तथा डोंगरगांव में अधिवेशन कराने की तैयारी की जा रही है।

### सौमित्र सोनी चुने गए अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** स्वर्णकार समाज के सामाजिक जनों उपस्थिति में बैठक रखी गई। बैठक में स्वर्णकार समाज का नया अध्यक्ष बनाने पर चर्चा की गई । समाज के बिरेन्द्र सोनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए नए अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे स्वीकार करते हुए सर्व सहमति से सौमित्र सोनी को अध्यक्ष चुना गया। समाज के मनीष सोनी ने सौमित्र सोनी का समर्थन करते हुए मिल जुल कर समाज को आगे ले जाने का आव्हान किया। सौमित्र सोनी ने वरिष्ठ जनो से आशीर्वाद लेकर समाज को आगे ले जाने एवं एकजुट रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्ध होते ही समाज का भवन तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर वीरेन्द्र सोनी, प्रीत सोनी, नरेन्द्र सोनी, रविन्द्र सोनी, अविनाश सोनी, आलोक सोनी, मनीष सोनी, अविनाश सोनी, लेखु सोनी, मोहन सोनी, प्रकाश सोनी, दीपक सोनी, विशाल सोनी, सुनील सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

### नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक की मांग

**सड़क अतरिया।** हिन्दू युवा मंच जिला इकाई के सदस्यों ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन सौंप कर नर्मदा में नशीले पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने की मांग किया है। मंच के सदस्यों ने बताया कि नर्मदा क्षेत्रवासियों के आस्था का केन्द्र है। यहां हमेशा श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। बीते कुछ माह से शाम होते ही मंदिर के आसपास असमाजिक तत्वों द्वारा डेरा लगा रहता है तथा शराब, गांजा बेचा जाता है जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। स्कूली छात्र भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नशीले पदार्थो की बिक्री सुबह से शुरू हो जाती है और दिन भर नशीडी लोगों की आवाजाही रहती है।

### मानस गायन सम्मलेन 13 से

**डोंगरगांव।** ब्लाक के ग्राम सांगिनकछार में दो दिवसीय रामायण मानस गायन एवं टीका सम्मेलन का आयोजन आगामी 13 एवं 14 जनवरी को रखा गया है। दो दिनों तक विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा मानस की सुमधुर प्रस्तुती दी जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष सागर वर्मा, संचालक तुलेश वर्मा ने सभी से उपस्थित होकर रामायण का रसपान करने का आग्रह किया है।

### नगरवासियों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**छुईखदान।** स्वतंत्र भारत में 9 जनवरी 1953 को हुए पहले गोलीकांड में शहर के पांच शहीदों को याद करते हुए नगरवासियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। शहीद स्थल के पास एकत्रित नागरिकों ने स्व. बैकुंठ प्रसाद तिवारी, स्व.द्वारका प्रसाद तिवारी, वीरांगना स्व. रमशीर बाई, स्व. भूलिन बाई एवं स्व. कचरा बी के शहादत स्थान पर फुल चढ़ाकर श्रद्धांजली अर्पित किया। नगर पंचायत द्वारा श्रद्धांजली सभा में नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका महोबिया, छोटे राजा देवराज किशोर दास, प्रेम नारायण चंद्राकर, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान, माहताब खान, सीएमओ कमल नारायण जंघेल, श्यामलाल वर्मा, प्रशांत चन्द्राकर, मुकेश वैष्णव, सुनीता जैन, भागी कुंभकार, भुपेन्द चौबे, प्रत्युस महोबिया, वर्मा उपयंत्री, राजेश जंघेल सहित अन्य शामिल हुए।

## टिंगीपुर व तुमड़ादाह में खुला स्कूल

# आगे बढ़ने तैयार बैगा बच्चे

दामोदर वैष्णव ⏭ सड़क अतरिया



जन मन योजना के तहत वनांचल में सरकारी स्कूल खुलने से बैगा जनजाति के बच्चों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। बच्चों ने अपने खाली हाथ में पुस्तक और कलम की ताकत प्राप्त करना शुरू कर दिया है। अलग अलग कक्षाओं में पहली बार पहुचे छात्रों में एक अलग ही उत्साह बना हुआ है। छुईखदान विकासखंड के बैगा बस्ती टिंगापुर एवं तुमड़ादाह में सरकारी स्कूल का संचालन प्रारंभ किया गया है।

बीते सप्ताह ग्राम पंचायत देवरचा अंतर्गत टिंगीपुर में बैगा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए स्कूल खोला गया है। पंचायत के उपसरपंच भे सिंह छैदैय्या ने बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर संकुल समन्वयक सूरजभान ठाकुर, शिक्षक सुरेश कुमार भंड़ारी, गजेलाल कोठारी, अमरदास चेलक, भूषणराम साहू, नूतनराम मोहबेकर, कमलकुमार सोनकर, पारस जंघेल, सुखराजी, अमरु, अमरलाल, उत्तम यादव पालक एवं बैगा समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वर्तमान में शाला का संचालन इमली वृक्ष के नीचे झोपड़ीनुमा स्थान पर किया जा रहा है। यहां कक्षा पहली में 1, दूसरी में 3, तीसरी में 4 एवं कक्षा चौथी में 4 छात्रों ने दाखिला लिया है।

### बच्चों को मध्यान्ह भोजन

टिंगीपुर में स्कूल खुलने के दो दिन बाद छात्रों के लिए मध्यान भोजन योजना का संचालन भी किया जाने लगा है। रोज अलग अलग व्यंजन के साथ स्वादिष्ट भोजन खाकर छात्रों में उत्साह बना हुआ है। बच्चों को कापी, पाठ्य पुस्तक, ड्रेस, खेल सामग्री उपलब्ध कराया गया है जिससे बच्चों में रोचकता बनी रहे। सी प्रकार तुमड़ादाह में छात्रों को मध्यान भोजन मिलने लगा है।

### एक बड़ी पहल

एसडीएम रेणुका रात्रे ने बताया कि शिक्षा से वंचित बैगा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने प्राथमिक स्कूल खोला गया है। उम्र के आधार पर बच्चों को अलग अलग कक्षा में दाखिला दिया गया है। जिन बच्चों की उम्र अधिक है उन्हे अन्य जगह पर छात्रावास में रहकर पढ़ाने की व्यवस्था बनाया गया है।

### सभी सुविधा उपलब्ध

बीईओ रमेन्द्र कुमार डडसेना ने बताया कि टिंगीपुर एवं तुमड़ादाह में स्कूल खोला गया है। यहां शिक्षक, मध्यान भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। भवन का निर्माण शीघ्र किया जाएगा।

## प्रभातफेरी में राम नाम की गूंज



**डोंगरगढ़।** वार्ड 23 में सुबह 5 बजे प्रतिदिन राम सीता भजन करते प्रभातफेरी निकाला जा रहा है। यह प्रभातफेरी शिव मंदिर से शुरु होकर ठेठवार पारा, शिव मंदिर, ब्राह्मण पारा होते हुए तालाब परिसर पहुंचकर समाप्त होती है। प्रभातफेरी में प्रकाश धानुका, अजय यादव, अजय शर्मा, शांति धानुका, सतीश यादव, गरिमा यादव, रागिनी यादव, श्रद्धा यादव, दिलेश्वरी यादव, रामरतन सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

### शोभायात्रा निकालकर दिया न्यौता



**सड़क अतरिया।** अयोध्या में राम लल्ला की प्रतिमा स्थापना के निमंत्रण के लिए आए अक्षत का घर घर वितरण करने सिलसिला जारी है। बुधवार को सड़क अतरिया में अक्षत वितरण किया गया। चावल एवं वहां से आए निमंत्रण कार्ड भेंट किया गया। ग्रामीणों ने हर घर, गली, चौक में दीप आदि से यात्रा का स्वागत किया गया। गांव में लोगों द्वारा आगामी 22 जनवरी को शोभा यात्रा एवं हवन पुजन किया जाएगा।

# स्वीकृति के बाद भी जर्जर सड़कों की मरम्मत में कोताही, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



वनांचल की जर्जर डब्ल्यूबीएम सड़क के जीर्णोद्धार के लिए दो साल पहले राशि स्वीकृति होने के बाद उसका कायाकल्प अब तक नहीं हो सका है। लापरवाही का आलम यह है कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के बजट में प्रावधान होने के बाद भी अब तक टेंडर जारी नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ उपसंभाग अंतर्गत चिरचारी, पीटेपानी, बुढानछापर मार्ग पुल-पुलिया सहित लंबाई 13.60 किमी के निर्माण के लिए 791.88 लाख की स्वीकृति 8 जुलाई 21 को मिली थी। ठेकेदार संजय सिंघी को वर्क आर्डर 22 जनवरी 22 को विभाग ने जारी कर दिया था। अब तक डामरीकरण 3.70 किमी, स्लैब कलवर्ट 1 नग, स्टिनिंगवॉल 145 मीटर का काम हो पाया है। वर्तमान में लगभग 10 किमी का काम बंद है। इसी प्रकार दीवानटोला से नवागांव पहुंच मार्ग पुल पुलिया कार्य के लिए 217.04 लाख स्वीकृत हुआ था। इस कार्य का ठेका संजय सिंघी राजनांदगांव को मिला था। 22 फरवरी 022 को वर्कआर्डर जारी होने के बाद ठेकेदार ने सिर्फ मिट्टी का कार्य कर काम को बंद कर दिया।

### जरूरी सड़क की अनदेखी

मूलभूत सुविधा के लिए रामाटोला से मेढ़ा मार्ग का निर्माण आवश्यक है। सड़क निर्माण का प्रस्ताव 2023-24 के बजट में शामिल किया गया था किन्तु अब तक स्वीकृत नहीं मिली है।

### नोटिस का असर नहीं

विभाग द्वारा ठेकेदार नोटिस जारी करने के बाद ठेकेदार ने कार्य प्रांरभ नहीं किया। क्षेत्र के लोगों ने ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेट करने की मांग की है। बैस कैंप कन्हारगांव पहुंच मार्ग लंबाई 2 किमी के लिए 150.63 लाख की स्वीकृति 6 जुलाई 2023 को मिलने के बाद भी अब तक निविदा जारी नहीं किया गया है। इसी प्रकार 181.99 लाख की लागत वाले छपारा पहुंच मार्ग उन्नयन कार्य का टेंडर जारी नहीं हुआ है।

# भगवान पर करें विश्वास और आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर नामदेव परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। आचार्य रामप्रताप शास्त्री ने गत दिनों ध्रुव, प्रहलाद एवं भरत चारित्र के प्रसंग पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव ईश्वर के प्रति अटल विश्वास, भक्ति और सत्य की प्रतिमूर्ति हैं। दोनों ने माया-मोह छोड़कर भगवान विष्णु को अपना आराध्य माना। उनकी भक्ति में इतनी शक्ति थी कि उनकी रक्षा के लिए स्वयं श्रीहरि विष्णु ने मृत्युलोक में कदम रखना पड़ा था। वह हरि के सच्चे भक्त थे। प्रभु की भक्ति करना है तो इन दोनों के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रह्लाद और ध्रुव ने प्रभु पर अटूट विश्वास करते हुए भक्ति का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों ही कठोरतम दंडों और यातनाओं से भी नहीं डरे और ईश्वर की आराधना करते रहे। हमें भी संकटों से नहीं डरना चाहिए और भगवान पर विश्वास कर उनकी आराधना करना चाहिए। भगवान भक्तों की पुकार सुनकर अपनी कृपा बरसाते हैं। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए उन्हें ध्रुव व प्रह्लाद की कथा अवश्य सुनाना चाहिए।

### त्याग का पर्याय है भरत

श्री शास्त्री जी ने कहा कि भरत का अर्थ जीवन में त्याग है। जिस राज के लिए कैकई ने अपयश लिया उसे भरत ने त्याग दिया। अपने हक का त्याग करना ही रामायण है और दूसरे का हक छीनना ही महाभारत है। भरत, श्रीराम को लाने के लिए गुरु वशिष्ट सहित समस्त प्रजा माता कौशल्या, सुमित्रा सहित वन जाते हैं, लेकिन श्रीराम ने मर्यादा का आभास कराकर चरण पादुका को देकर अयोध्या में वापस भेज दिया था।


### बच्चों का पोषण स्तर परखा



**ठेलकाडीह।** सिंगपुर के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन कर माताओं को पोषण संबधी जानकारी दी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तेजश्वरी साहू, मंजू साहू, सहायिका अनुसुईया मानिकपुरी सहित तेजस्वी वर्मा उपस्थित थी। वर्मा ने महिलाओं से अपने बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केन्द्र भेजने कहा।

# बुद्ध विहार में मनाया फातिमा शेख की जयंती

## कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षिकाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नागसेन बुद्ध विहार में 9 जनवरी को प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षक फातिमा शेख की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माया भास्कर ने किया। मुख्य अतिथि डां. नौशीन अंजुम ने फातिमा शेख के जीवन पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि आफशा परवीन ने बताया कि फातिमा षेख ने 1848 में स्वदेशी पुस्तकालय की स्थापना ज्योतिबा राव व सावित्रीबाई के साथ मिलकर किया था। यह लड़कियों एवं वंचित समाज के बच्चों के लिए पहली लाइब्रेरी थी। इस मौके पर श्री निषाद, श्री सिद्दिकी एवं मुमताज खान ने भी अपने विचाररखे। बौद्ध महासभा के ट्रस्टी सिद्धार्थ नागदेवे ने फातिमा षेख एवं सावित्रीबाई फुले को इतिहास में मुकम्मल स्थान न मिलने पर चिंता व्यक्त किया। महासभा के अध्यक्ष डां. मुन्नालाल नंदेश्वर ने कहा कि फातिमा शेख एवं सावित्रीबाई फुले को स्थान दिलाने के लिए लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ने शिक्षक डां. नौशीन अंजुम, अफशा परवीन, मुमताज खान, गौसिया अंजुम एवं निषाद सिद्दिकी सहित अन्य शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अनिल सहारे, योगेश सरजारे, विलास सहारे, सरोज लांजेवार, चांदनी सहारे, संजू गजभिये, धर्माशोक गोंडाने, रेखा सहारे, प्रभा चंद्रिकापुरे, बबीता, बिना इंदुरकर आदि शामिल हुए। संचालन अमिताभ दुफारे एवं आभार प्रदर्शन संजू गजभिये ने किया।

# गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



छुईखदान विकासखंड के ग्राम जंगलपुर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल थे। अध्यक्षता ममता गंधर्व ने किया। विशिष्ट अतिथि श्रवण जंघेल, अवध जंघेल थे। अतिथियों ने भारत मां की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियो को गिनाया।

कोमल जंघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार का लक्ष्य गांव के अंतिम व्यक्ति का विकास करना है। सबको राष्ट्र को विकसित करने में सहयोग करना है। उन्होंने ग्रामीणो को आवास, पेंशन, गैस, किसान सम्मान निधि, नल जल योजना की जानकारी देकर लाभ उठाने प्रेरित किया। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। क्रृषि विभाग ने किसानों को नैनो यूरिया प्रदान किया। हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में नेमु शिवहरे, अशानंद शिवहरे, पवन जंघेल, उमेंद जंघेल, नीलकंठ जंघेल, मिनेश जंघेल, अर्जुन वर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

### योजनाओं का सघन प्रचार

**छुरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत खुर्सीटिकुल एवं कन्हारपुरी में आयोजित शिविर में जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष हीरेन्द्र साहू शरीक हुए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसान, जवान,महिला, युवा के हित में योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। महिलाओ की चिंता करते हुए उज्जवला योजना के तहत निः शुल्क गैस कनेक्शन दिया गया वहीं महिलाओं के नाम पर जन धन खाता खोलकर कोरोना काल मे प्रतिमाह 500 रुपए दिया गया। ार्यक्रम में गोपाल साहू, दुर्गा महानदिया, रुपलाल चंद्रवंशी, नवीन साहू, दुलेश पटेल, भुवनेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, पूरण पटेल, केशव राम साहू, जीवन साहू, मोहित साहू, भोलाराम यादव, नेमिन बाई, शीतलाबाई, देवलाल वर्मा, रेखचंद यादव, धर्मेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### सरकार सबको सुविधा मुहैया कराने कटिबद्ध

**डोंगरगढ़।** ग्राम अमलीडीह में बीते दिनो विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य आतिथ्य सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी थे।

अध्यक्षता पूर्व जनपद सदस्य भागीराम साहू ने किया। कार्यक्रम में मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने कहा कि सरकार हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही है। केंद्र सरकार की अंत्योदय अन्न योजना, आयुष्मान योजना, आवास योजना, फसल बीमा, रोजगार गारंटी, विश्वकर्म योजना, उज्जवला योजना आदि का सभी को लाभ मिल रहा है।

### आगे आकर ग्रामीण उठाए योजनाओं का लाभ



**अर्जुनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओ के जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। कार्यक्रम में जिपं सभापति इंद्रुमती साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, धनराज ठाकुर, नीरेन्द्र साहु, सरपंच द्रौपति साहू, फेरुराम इंदौरिया, किसून साव, भैयालाल साहू, सांसद प्रतिनिधि तामेश्वर साहू, दिनेश साहू एवं विजय जैन शामिल हुए। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री की विविध जनकल्याणकारी योजनाओ को इस कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना उद्देश्य है, और उनके विकसित भारत के स्वप्न को 2047 तक साकार करना हमारा कर्तव्य है। तत्पश्चात स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन योजना, प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना, बीज वितरण, मातृत्व वंदन योजना, उज्जवला योजना, जननी सुरक्षा योजना आदि से लाभांवित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किया। डिजीटलास्ड क्वीज प्रतियोगिता मे विजेता प्रतिभागी को अतिथियों ने सम्मानित किया। महिला बाल विकास विभाग ने गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे मुख्य अतिथि श्री गांधी ने शिरकत करते हुए आशिर्वाद दिया। संचालन शिक्षक लविन्द्र साव एवं अंत में आभार ज्ञापन दिनेश साहू ने किया।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराजा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: ... 9406004581
बिलासपुर: ... 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनो पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## सार समाचार



### पुलिस बनवा रही ड्राइविंग लाइसेंस

**ठेलकाडीह।** सड़क हादसों की रोकथाम के लिए थाना ठेलकाडीह में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। ठेलकाडीह पुलिस ने लाइसेंस बनवाने के लिए कैंप लगाया है जिसमें लाइसेंस बनवाने के लिए रोजाना भीड़ लग रही है। थाना प्रभारी आलोक साहू ने बताया कि 13 जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान चलेगा जिसके तहत लाइसेंस के लिए कैंप लगाया गया है।

### भजन मंडली ने किया सुंदरकांड का पाठ

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल से सिविल लाइन मुख्य मार्ग पर पं. नरोत्तम शर्मा एवं भजन मंडली टीम ने मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ किया। वार्ड के लोगो ने शामिल होकर राम भक्ति का रसपान किया। शहर में शनिवार एवं मंगलवार को सुंदरकांड, हनुमान चालीसा तथा रामायण पाठ का आयोजन कर जिला सहकारी बैंक के रिटायर्ड मैनेजर नरोत्तम शर्मा एवं रामभक्त मंडली द्वारा किया जा रहा है।

### हिन्दी से बनती हमारी विशिष्ट पहचान



**डोंगरगांव।** स्थानीय डां. बीआर अंबेडकर महाविद्यालय में बुधवार को हिन्दी दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डां. बीएन मेश्राम ने कहा कि हिंदी वेश्विक स्तर पर भारत के नागरिकों को विशिष्ट पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। हिंदी में बातें करना, अपने मनोंभावों को अभिव्यक्त करने का सुगम और सरस माध्यम है। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. एआर साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. एके धमगाये ने बताया कि वर्तमान में हिन्दी बोलने वालो की संख्या कितनी है? जिसे कैसे बढ़ाया जा सकता सकता है? डॉ. सीके साहू ने हिन्दी भाषा और हिंदी भाषी लोगों का वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात ईश्वरी टेम्बुरकर, संगीता पटेल, दीपिका साहू, भावेश साहू आदि ने गीत एवं कविता की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ. एआर साहू, प्रो. जीके नेताम, प्रो प्रियांकी गजभिए, किशन साहू, शुभम बनाफर, एकलव्य साहू, एमए हिंदी से योगेश देवांगन, भावेश साहू, ललित साहू, सोमनारायण साहू, हितेश साहू, लीना सिन्हा, सतरूपा साहू, टोमिन चंद्रवंशी, संगीता पटेल, डामेश्वरी साहू, ईश्वरी टेंबुरकर, काजोल, मुस्कान सहित अन्य मौजूद थे।

### प्राचार्य के कृत्य की जांच के लिए समिति गठित

**मोहला।** विकासखंड मानपुर क्षेत्र के डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कोमराज रामटेके के संबंध में जारी वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है। उनके कृत्य की जांच हेतु को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच समिति गठित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस कलेक्टर जनदर्शन में मानपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा शिकायत करते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औंधी के द्वारा अपने साथियों के साथ शराब सेवन करते हुए दिखाई दे रहा है। उक्त वीडियो को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच करने निर्देशित किया है। जाँच समिति में तीन सदस्य बनाये गए हैं। इनमें जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, तहसीलदार श्रीमती रीना मरकाम एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एआर कौर जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच समिति द्वारा तीन दिवस के भीतर जांच किया जायेगा। उक्त वीडियो को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि जिस कक्ष में शराब का सेवन किया जा रहा है वह शाला भवन अथवा शासकीय भवन हो सकता है। संबंधित प्रभारी प्राचार्य का उक्त कृत्य पदेन दायित्व के प्रति घोर लापरवाही प्रतीत होता है। जांच प्रभावित न हो इसलिए संबंधित व्यख्याता को निलंबित किये जाने हेतु प्रस्ताव, कलेक्टर को प्रस्तुत किया गया है।

### स्टेडियम में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरट सभाकक्ष में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश देते अधिकारियों को दायित्व सौंपे। उन्होंने मुख्य अतिथि आगमन, ध्वजारोहण के कार्यक्रम के साथ ही बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा, पेयजल, स्वल्पाहार, साफ-सफाई, पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करेंगे। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित झॉकी तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिपं सीईओ अमित कुमार, वनमंडलाधिकारी सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निधन



### अशोक कुमार अग्रवाल

**डोंगरगढ़।** अशोक कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. दुर्गाशंकर अग्रवाल का निधन 10 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज निवासी चौधरी गार्डन के सामने शिवानंद नगर रायपुर से कल 11 जनवरी को सुबह 10 बजे कोटा मुक्तिधाम को जाएगी।



### लीलाधर

**डोंगरगढ़।** प्रसिद्ध फल वाले काका के नाम से जाने वाले लीलाधर काका का मंगलवार की रात को निधन हो गया। गुजराती समाज के अलावा शहर के अनेक समाज के लोगों एवं सामाजिक संस्थाओं ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



### मेहतरीनबाई देवांगन

**राजनांदगांव।** ग्राम तिलई निवासी मेहतरीनबाई देवांगन 98 वर्ष का 8 जनवरी को करीब दोपहर 3 बजे निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनकी अंतिम यात्रा 9 जनवरी को निज निवास स्थान ग्राम तिलई से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार ग्राम तिलई स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, परिवारजन उपस्थित थे। वे ग्राम तिलई की मितानिन पुनियाबाई देवांगन की माता है।

### खरीदी और उठाव करने के साथ स्टैक और रखरखाव का दिए निर्देश

# कलेक्टर ने सीमावर्ती बकरकट्टा में धान खरीदी केंद्र का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के अंतिम छोर में बकरकट्टा धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्र में किसानों से धान बिक्री के संबंध चर्चा की और समिति प्रबंधक को उपार्जन सहित रखरखाव व्यवस्था चुस्त दुरूसत रखने कहा। धान बेचने आये किसानों बातचीत कर टोकन और तौल संबंधी समस्या को लेकर जानकारी ली वही उन्हें धान साफ-सुथरा और सूखाकर लाने कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपार्जन केंद्र में तौल प्रक्रिया का निरीक्षण किया। तौलाए धान में मशीन से नमी की मात्रा चेक करने पर सही पाया गया।

केंद्र में धान के बोरों का सही तरीके से व्यवस्थित स्टैक का अवलोकन किया और समिति प्रबंधक से धान की गुणवत्ता और रखरखाव को लेकर जानकारी लेकर प्रबंधक को धान के बोरों को बारिश से बचाने पॉलीथिन बिछाने और नमी से बचाने नियमित रूप से हवादार करने कहा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम रेणुका रात्रे, तहसीलदार अमरदीप अंचल, खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, खाद्य निरीक्षक, समिति प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और किसान उपस्थित थे।



### सप्ताह में चार दिन मिलेंगे कलेक्टर

कलेक्टोरेट में जनदर्शन आयोजित कर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने लोगों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करने कहा। जनदर्शन में आम लोगो ने पीएम आवास, राशन, राशि भुगतान सहित अन्य आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों को गंभीरता से लेने और समय सीमा में निराकृत करने कहा। कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार उन्होंने सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरूवार को मिलने का दिन निर्धारित किया हैं। इस दौरान लोग दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक उनसे मुलाकात कर सकेंगे।

### लगाई वनकर्मी को फटकार

वनाधिकार पट्टा को लेकर आवेदन नही लेने की जानकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने वन विभाग से सम्बंधित कर्मचारी को बुलाकर फटकार लगाई और तत्काल आवेदन लेकर प्रक्रिया शुरू करने कहा। शिविर के माध्यम से सरोधी में 70 और समुंदपानी में 44 बैगा परिवार को प्रमं आवास मिलेगा। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि जनमन योजना विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों के विकास के लिए है। योजना तहत महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन करना अधिकारी कर्मचारी सुनिश्चित करें। इस दौरान बैगा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमरसिंग मरकाम, सरपंच राजेंद्र मेरावी, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम रेणुका रात्रे, तहसीलदार अमरदीप अंचल, सीईओ छुईखदान जेएस राजपूत, जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, जिला उद्यानिकी अधिकारी रविन्द्र मेहरा, बीईओ रमेन्द्र डड़सेना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर मे कलेक्टर ने आम लोगो समस्या, शिकायतों का त्वरित निराकरण करने कहा।

### सुदूर वनांचल सरोधी, समुंदपानी पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र का पहला दौरा बैगा बाहुल्य क्षेत्र सरोधी और समुदंपानी का किया। शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ पहुचाने के उद्देश्य से आयोजित जनमन शिविर में उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत कर अधिकारियों को पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित कराने कहा। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को आधार, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता और अन्य योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने और शिविर में उपस्थित सरपंचों से इस कार्य मे आवश्यक सहयोग देने कहा। शिविर में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुचाने अधिकारियों और कर्मचारियों को जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेकर काम करने कहा। शिविर में उन्हें जानकारी दी गई कि सरोधी में 170 और समुंदपानी में 93 बैगा परिवार के सदस्यों को योजना अंतर्गत आधार और राशन कार्ड जारी हुआ है। शिविर मे आवेदन करने वाले नौ पात्र हितग्राहियों को जमीन का पट्टा जारी किया गया।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारीपूर्वक जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन कार्यक्रम में आए जनसामान्य की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनने के साथ ही आवेदन प्राप्त किए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आईएसआई मार्क होने पर उत्पादों में मिलेगी गुणवत्ता

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय मानक ब्यूरो के वैज्ञानिक डी एवं रायपुर शाखा कार्यालय के प्रमुख सुमीत कुमार तथा वैज्ञानिक डी प्रभुनाथ यादव ने प्रजेंटेशन के माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि निर्माण एजेंसी एवं अन्य विभागों द्वारा टेंडर करते समय भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंडों का पालन करते टेंडर ऑर्डर करने पर निर्माण कार्यों तथा अन्य उत्पादों में गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी।

## बालक्रीड़ा स्पर्धा आयोजित



**राजनांदगांव।** ग्राम बेलटिकरी में 4 व 5 जनवरी को संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर शामिल हुए।

इस अवसर पर बीईओ ने ग्रामीणों व सुरगी संकुल के शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। बीआरसी श्री ठाकुर ने विजयी बच्चों को बधाई व अन्य प्रतिभागी बच्चों को हार से निराश न होकर और सफल होने हौसला अफजाई किया। आयोजन में बच्चों के खेल के अलावा संकुल के शिक्षक एवं ग्रामीणों के मध्य भी रस्साकस्सी का मुकाबला हुआ। जिसमें शिक्षकों ने बाजी मारी। दो दिवसीय खेल आयोजन में कुम्हालोरी सरपंच भूषण शेरपा, ग्राम पटेल ईश्वर मंडावी, एसएमसी अध्यक्ष रमेश नेताम, अलखराम साहू, रौशन बेग मिर्जा, पुरुषोत्तमलाल मंडावी, सुग्रीव मंडावी, रमेश साहू, आरआर साहू, दिनेश्वर साहू, कमलेश देवांगन, राकेश सोनी, चांता साहू, बीडी साहू, सरोज साहू, ओमिन साहू, शेफाली देवांगन समेत अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

## समस्याओं को लेकर टीचर्स एसो. मिला मंत्री से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष व दुर्ग संभाग प्रभारी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर बधाई साथ ज्ञापन सौंपकर संभाग के शिक्षक संवर्ग की समस्याओं से अवगत कराया।

चर्चा के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री को हिंदी विषय के पात्रताधारी सहायक शिक्षक को पदोन्नति उपरांत शिक्षक के पद में काउंसलिंग के माध्यम से पद स्थापना किए जाने, व्यायाम शिक्षकों की शीघ्र पदोन्नति करने और बीते साल पदोन्नति बाद संशोधन के निरस्त होने से पीड़ित शिक्षकों के चार माह का लंबित वेतन भुगतान सहित उन्हें संशोधित शाला में कार्यभार ग्रहण कराने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश महासचिव आयुष पिल्ले, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष कमल वैष्णव, रूपेश कुमार देवांगन, कमल साहू, रेखलाल साहू, लालाराम धुर्वे, नारद साहू, राजेश साहू को स्कूल शिक्षा मंत्री ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

### संचालक और संयुक्त संचालक दुर्ग से मिला एसोसिएशन

स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकत पूर्व एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने लोक शिक्षण संचालनालय संचालक दिव्या उमेश मिश्रा और शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक गिरधर कुमार मरकाम से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं पर ध्यान दिलाते हुए निराकरण की मांग की। जिस पर संयुक्त संचालक द्वारा लोशि संचालनालय रायपुर से दिशा निर्देश और मार्गदर्शन मिलने तक मांगो को लेकर असमर्थता जताने पर संचालक दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर सभी प्रकरणों में शिक्षा संभाग दुर्ग सहित अन्य संभागों को दिशा निर्देश और मार्गदर्शन प्रेषित करने की मांग करते हुए शिक्षकों की समस्याओं व नुकसान से अवगत कराया। मामले मे संचालक ने जल्द ही दुर्ग शिक्षा संभाग सहित सभी संभागों को इस विषय में दिशा निर्देश भेजने का भरोसा दिया है।

## हिट एंड रन का नया कानून अभी लागू नहीं, अफवाह से बचने अपील

**खैरागढ़।** ड्राइवर संघ की हड़ाताल को देखते हुए कलेक्टर-एसपी ने ट्रांसपोर्टर्स की बैठक ली। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में ट्रांसपोर्टरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हड़ताल के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। ट्रांसपोर्टर्स को पर्याप्त सुरक्षा और सहयोग प्रदान किया जाएगा, किसी भी स्थिति में आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति रुकना नही चाहिए। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि आपूर्ति बाधित करने का प्रयास करने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। अविलंब कारवाई होगी। बैठक में एडीएम डीएस राजपूत, एसडीएम प्रकाश सिंह राजपूत, डीएमओ चंद्रपाल दीवान और नान से नीलिमा ठक्कर उपस्थित थी वही बैठक में ट्रांसपोर्टर सुधीर सिंह मोनी, आलोक श्रीवास हीरु, सुजीत अग्रवाल, विक्की गिल, जसवीर चावला, विक्रांत सिंह, राजू भाटिया, पप्पू भाटिया सहित अन्य मौजूद थे।



### गलत जानकारी देकर बहकाया जा रहा

हिट एंड रन मामले को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सूचना जारी कर जानकारी दी गई है कि पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए नए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। कतिपय स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाया जा रहा है। वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट किया है कि भारत सरकार का संबंधित विभाग इस कानून को लागू करने से पहले उनके प्रतिनिधियों से बातचीत बाद ही कोई फैसला लेगी।

## कलेक्टर जयवर्धन ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

### गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज अम्बागढ़ चौकी विकास खंड के कौड़ीकसा से पटेली निर्माणाधीन ब्रीज कार्य का अवलोकन व निरीक्षण कर यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ो का भम्रण कर बच्चों से भेंट किया। उन्होंने यहां बच्चों की पढ़ाई की जानकारी ली। उन्होंने इस संस्था का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया व संस्था के संचालन के सबंध में आवश्यक दिशा निर्देशा दिये।

कलेक्टर ने चिलमटोला मोहला विकास खंड़ में डीपीआरसी जिला प्रशिक्षण संस्था निर्माणाधीन कार्य का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने निर्माणधीन कार्य संबंधी ले-आउट, नाक्श संरचना, गुणवत्तापूर्ण निर्माण के प्रति सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा की जिला प्रशिक्षण संस्था का निर्माण अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना मुख्य कार्यपालन अभियंता आरआर खरे, अनुविभागीय अधिकारी मोहला सुभाष चंद्र गोरे उपस्थित थे।



### डुडेरा में मेला मंडई आज

**डोंगरगढ़।** डुडेरा में कल 11 जनवरी को मेला मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढी नाच रखा गया है। ग्राम में आगामी 13 एवं 14 जनवरी को रामायण सम्मेलन होगा जिसमें प्रख्यात रामायण मंडली एवं संत शामिल होंगे। आयोजन समिति के दिलीपदास वैष्णव, सालिकराम वर्मा, श्यामसुंदर हठिले आदि ने क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## भजन-कीर्तन की प्रस्तुति आज

**राजनांदगांव।** धर्म अध्यात्म के कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल गुरुवार की शाम भजन-कीर्तन का कार्यक्रम होगा। शहर के पद्मश्री आडिटोरियम में सुप्रसिद्ध भजन गायक नंदकिशोर शर्मा एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति के समाज की कुलदेवी मां मंशादेवी के अनुपम भव्य श्रृंगार सहित मातारानी को 56 भोग चढ़ाने का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

श्री खाटू श्याम लखदातार सेवा परिवार के तत्वावधान में कल 11 जनवरी की शाम 7.20 बजे आयोजित कार्यक्रम में भजन गायक नंदकिशोर जहां एक से बढ़कर एक भजनों की छंटा बिखेरेंगे। वहीं वृंदावन के भजन गायक पारस लाडला भी अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति के अमित-टीना खंडेलवाल ने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का आनंद लेने समस्त धर्मप्रेमी सज्जनों से उपस्थिति की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी सेवा समिति के अमित खंडेलवाल ने दी है।





### श्रीमद भागवत कथा 24 से

**डोंगरगढ़।** जय बजरंग नवयुवक समिति डुडेरा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का आयोजन आगामी 24 जनवरी से 1 फरवरी तक ग्राम बजरंग चौक में रखा गया है। कथा वाचक आचार्य चैतन्य महाराज एवं नंदकुमार वैष्णव होंगे। कथा का वाचन 11 से शाम 5 बजे तक होगा। ग्राम के दिलीपदास वैष्णव, सालिकराम वर्मा, श्यामसुंदर हठिले आदि ने क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## सार समाचार

### खंडेलवाल महिला मंडल ने निकाली यात्रा



**राजनांदगांव।** खंडेलवाल महिला मंडल श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के समारोह के उपलक्ष्य में श्रीराम की भक्ति में दिव्य अक्षत कलश यात्रा में श्रीराम के जयघोष व पावन अयोध्याधाम की जयघोष के साथ भक्ति में लीन होकर संकीर्तन करते यात्रा निकाली, जो श्री गायत्री मंदिर कामठी लाइन से प्रारंभ होकर खंडेलवाल महिला मंडल कि अध्यक्ष सरला खंडेलवाल के निज निवास रामाधीन मार्ग पहुंची। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### रेवाडीह में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ आदिवासी समाज रेवाडीह राजनांदगांव द्वारा 7 जनवरी को कंवर धर्मशाला राजनांदगांव में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीआर आचला व अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रहलाद सोरी ने किया। विशेष अतिथि अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग सतीश टीकम, गोंड़वाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, जयंती ठाकुर, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष लेखराम मात्रा, सहायक खंड चिकित्सा अधिकारी क्षितिज सोरी, ज्ञानसिंह घावड़े, लालदेव तारम, पवन तुलावी, प्रकाश बोगा, जीएस लाटिया एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री आचला ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी समाज के जागरूक एवं प्रबुद्ध वर्ग के प्रतिनिधि होने के कारण यह वर्ग समाज का सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है, इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी भी सबसे अधिक है। उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षित एवं संगठित होकर समाज के हित में निरंतर अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने कहा। अध्यक्षता करते प्रहलाद सोरी ने समारोह में समाज के लोगों की उपस्थिति की सराहना की। विशेष अतिथि सतीश टीकम ने आदिवासी समाज के लोगों को निरंतर सजग रहकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने कहा। अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर ने आदिवासी समाज के गौरवशाली ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के लोगों को नशापान एवं अन्य कुरितियों का परित्याग कर समाज के उत्थान में अपना योगदान देने तथा समाज के गरीब, कमजोर एवं वंचित वर्ग की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने कहा। कार्यक्रम में समाज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

### एनबी ग्रुप का वार्षिक खेलकूद स्पर्धा आयोजित



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी ग्रुप ऑफ स्कूल राजनांदगांव के प्री प्राइमरी की कक्षाओं का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद में नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी, एनपीपीएस बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक, नीरज फाउंडेशन स्कूल, खंडेलवाल कॉलोनी के चारों ब्रांचों के प्री-प्राइमरी के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विशेष अतिथि के रूप में शाला के संस्थापक नीरज बाजपेयी शामिल हुए। शाला के खेल विभाग के शिक्षक डॉ. विकास वैष्णव द्वारा बैच लगाकर श्री बाजपेयी का स्वागत किया गया। शाला के चारों हाउस के झंडे फहराए गए। प्री प्राइमरी के बच्चों द्वारा मार्शल टार्च की विधि संपन्न कराई गई। केजी-टू के बच्चों द्वारा मास पीटी की प्रस्तुति दी गई। खेल भावना को देखते बच्चों को शपथ दिलवाई गई। केजी-टू के बच्चों द्वारा पैरासूट ड्रिल की प्रस्तुति को सभी ने खूब सराहा। सम्मानित अतिथि नीरज बाजपेयी द्वारा गुब्बारे के गुच्छे आकाश में छोड़े गए एवं प्रतियोगिता का आरंभ किया गया। श्री बाजपेयी ने बच्चों को खेल भावना व अनुशासन से खेल खेलना बताया गया। संस्था द्वारा इस वार्षिक खेलकूद में नर्सरी, केजी-वन एवं केजी-टू तक के बच्चों के लिए उनकी क्षमता के अनुसार भिन्न-भिन्न खेल संपन्न कराए गए। जिसमें नर्सरी की कक्षा में फन विथ सासर, बाल कलेक्शन एवं म्युजिकल चेयर रहा। वहीं केजी-वन में हूला हूप रन, बैलेसिंग द बिन बैग एवं म्युजिकल चेयर रहा। वहीं केजी-टू में बाल रेस, हर्डल रेस एवं म्युजिकल चेयर रहा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पूरे आयोजन में शाला के खेल विभाग के शिक्षक डॉ. विकास वैष्णव, योगेश चौहान, पूजा नंदागौरी, यशवंत कौशिक एवं पवित्र साहू की विशेष भूमिका रही। प्रतियोगिता में नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, रेणु बाजपेयी, उर्मिला दीक्षित, एकता गांधी, नितिन चौहान, काजल सवानी, ईला राठौड़, आरती पिल्लै, वैशाली सिंग, स्नेहलता तिवारी, संतोष पिल्लै, मधुजा महेश्वरी, शिक्षकगण, पालकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। बच्चों के खेल पश्चात शाला द्वारा पालकों के खेल का आयोजन किया गया। जिसमें पालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन में प्राचार्य एकता गांधी द्वारा पालकों का आभार व्यक्त किया गया।

### नाम जोड़ने व विलोपित करने का कार्य प्रारंभ

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 6 जनवरी से 8 फरवरी तक मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। इस अवधि में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने जा रहे नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना है। इसके अलावा मतदाता सूची में नाम जोडाने, विलोपित करने तथा आवश्यक संशोधन करने का कार्य मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है। महापौर हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते कहा कि जिनके द्वारा मतदाता सूची में नाम नहीं जोड़ाया गया है वे अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में जाकर नाम जोड़ा लें। साथ ही वे युवक-युवतियां जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे अपना नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराएं, ताकि वे विभिन्न चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। मतदाता सूची में नाम जोड़ने 18 से 25 वर्ष तक के युवक के 8वीं, 10वीं या कोई भी मार्कशीट की कापी जिसमें जन्म तारीख लिखा हो या जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की कापी तथा नाम जोड़ने वाले व्यक्ति का पासपोर्ट फोटो लेकर मतदान केन्द्र में नाम जोड़ा जाएगा। साथ ही नाम विलोपित व संशोधन भी किया जाएगा। पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने विलोपित करने तथा संशोधन करने का कार्य 6 जनवरी से 8 फरवरी तक पूर्ण कर लें।

### ईव्हीएम-वीवीपैड मशीनों का डेमोस्ट्रेशन कार्य का शुभारंभ

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला कार्यालय परिसर में आज से ईव्हीएम एवं वीवीपैड मशीनों के डेमोस्ट्रेशन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस. जयवर्धन ने डेमोस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डेमोस्ट्रेशन के जरिये नागरिकों को मतदान करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी। जिला कार्यालय के साथ ही अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय मोहला एवं तहसील कार्यालयों में भी डेमोस्ट्रेशन कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मोबाइल डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से मतदान केंद्रों में भी ईव्हीएम एवं वीवीपैड का प्रदर्शन किया जाएगा। लोगों को मतदान करने की प्रक्रिया से भली भांति अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, जिला मास्टर ट्रेनर शाहिद कुरेशी, तिवारी उपस्थित थे।

## जिले में विकास कार्यों का दिखना चाहिए परिणाम - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

# शराब, जुआ जैसे अपराध पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट हेतु प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शुरूआती दौर में सभी विभागों से राजनांदगांव जिला एवं शहर के विकास एवं जनहित कार्यों के लिए प्रस्ताव पर चर्चा की गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। जिसका परिणाम दिखाई देना चाहिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के निराकरण के लिए कलेक्टर को बैठक लेने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सतत एवं सजग रहते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सक्रियतापूर्वक कार्य करें। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव शहर में रायपुर की तर्ज पर नालंदा परिसर बनाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने टेड़ेसरा में 33/ 11 केवी सब स्टेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने राजनांदगांव पेण्ड्री मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन, एमआरआई मशीन एवं अन्य जीवन रक्षक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा मेडिकल कालेज के आवश्यकता अनुरूप प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट में एलईडी लगाने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी की समस्या के समाधान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अच्छी तरह होना चाहिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट हेतु प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी देते बताया कि राजनांदगांव से रायपुर तक एसी सिटी बस की शुरूआत करेंगे। (एयरपोर्ट से राजनांदगांव तक), युवतियों एवं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महिला प्रशिक्षण केन्द्र की शुरूआत की जाएगी। राजनांदगांव पेण्ड्री मेडीकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन, एमआरआई मशीन एवं अन्य जीवन रक्षक उपकरण तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा। सभी पात्र परिवारों को तत्काल प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी जाएगी। विद्युत कटौती समाप्त की जाएगी तथा लंबित विद्युत कनेक्शन तत्काल किए जाएंगे।

कलेक्टर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के रखरखाव के लिए कोई स्थायी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बिजली, साफ-सफाई, सुरक्षा तथा रखरखाव के लिए आवश्यक व्यवस्था हेतु बजट की बात कही।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि शहर को सीसीटीवी कैमरे से लैस करते मॉडल कंट्रोल रूम बनाया जा सकता है। इस दौरान प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट हेतु प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में चर्चा की गई।

### अवैध शराब बिक्री पर लगेगी रोक

संस्कारधानी में अपराध, जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राजनांदगांव में पूर्व की तरह विभिन्न शासकीय कार्यालयों की पुनर्स्थापना की जाएगी। शासकीय शैक्षणिक संस्थओं के जर्जर भवनों का पुर्ननिर्माण एवं सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर कर शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया जाएगा। कैलाश नगर सोसाइटी में जमीन रजिस्ट्री की समस्या का निराकरण किया जाएगा। सभी अटल आवास व विहार, प्रधानमंत्री आवास, आईएचएसडीपी आदि में सड़क, नाली, मकानों की मरम्मत कार्य एवं पानी, बिजली आदि की बेहतर व्यवस्था करायी जाएगी। स्कूल एवं कॉलेज के रास्ते से मदिरा दुकान बंद कराई जाएगी एवं गली-गली बिक रही अवैध शराब पर रोक लगाई लाएगी। भंवरमरा जाने हेतु नए सड़क मार्ग पर निर्माण किया जाएगा।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य बहुविषयकता और समग्र शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विस्तार गतिविधि हेतु ठाकुर प्यारेलाल सिंह उ.मा.शाला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य बहुविषयक और समग्र शिक्षा है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत 1 वर्ष के बाद प्रमाण पत्र, 2 वर्ष बाद एडवांस डिप्लोमा, 3 वर्ष बाद स्नातक की डिग्री तथा 4 वर्षों के बाद शोध के साथ स्नातक डिग्री प्रदान की जाएगी। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कला विज्ञान का व्यावसायिक और शैक्षिणिक कार्यक्रमों के नीचे कोई औपचारिक अंतर नहीं होगा। विद्यार्थी अपनी इच्छा के अनुरूप विषयों का चुनाव कर सकते हैं।

विज्ञान का विद्यार्थी भी इतिहास विषय को जीई विषय के रूप में चुन सकती है। इंटर्रशिप को व्यावसायिक शिक्षा में शामिल करने पर भी जोर दिया जा रहा है। विस्तार गतिविधि के अंतर्गत प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर द्वारा इतिहास अध्ययन के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि इतिहास से बुद्धिमतापूर्ण देशभक्ति विकसित करना, मानव सभ्यता के क्रमिक विकास का अध्ययन, प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति से वर्तमान पीढ़ी को अवगत करना है।

प्यारेलाल स्कूल के प्राचार्य भूषण साव ने इस कार्य की प्रशंसा करते कहा कि इससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे और जब वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने जाएंगे तो वे नई शिक्षा नीति के सभी पहलुओं से परिचित होंगे। इस अवसर पर एमए के विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा सही जवाब देने पर उन्हें पुरस्कृत किया।

# जीवन में प्रेम से बढ़कर कोई चीज नहीं

- ग्राम पेण्ड्री में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



पेंड्री पंचायत भवन के सामने स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में विशाल कबीर सत्संग समारोह बुधवार से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रवचन देते कबीर वाणी के राष्ट्रीय प्रचारक संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि जिसके दिल में प्रीत नहीं होती है, वहीं प्रेत निवास करता है। जीवन में प्रेम से बढ़कर कोई चीज नहीं, इससे मनुष्य को तो क्या भगवान को भी वश में किया जा सकता है।

भौतिक प्रतिस्पर्धा के युग में विद्यार्थियों में पैदा हुए तनाव के माहौल पर निजात पाने के उपाय बताते उन्होंने कहा कि तनाव का मुख्य कारण है दबाव व खिंचाव, दबाव से बचने के लिए विद्यार्थी समय की पाबंदी रखें, आज का काम कल पर न टाले और खिंचाव से बचने जिस चीज के प्रति मन ललचावै उसका परहेज रखे, तो जीवन तनावमुक्त हो सकेगा। साहेब ने कहा कि समानता ही संपन्नता आधार है, जैसे स्वस्थ शरीर का हर अंग दुरुस्त होता है, ऐसे ही विकसित समाज के हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलते हैं।

उन्होंने कहा कि जिसका जीवन निर्दोष है और जो सत्य से परिचित है, उसे किसी का भय नहीं होता। डर उसे सताता है, जिसके कर्म खोटे है, जीवन को निश्चिंत जीना है तो अपने कर्मों पर निगरानी रखें।

संत महेन्द्र दास ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल विषय की जानकारी लेना व देना ही नहीं है, जीवन में सुसंस्कार व नैतिकता की सीख भी इसमें समाहित होनी चाहिए। इसके अभाव में आज उच्च शिक्षित व उच्च पदों पर आसीन लोग गलत कार्यों में लिप्त पाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में संत सुबोध साहेब व पिपरिया आश्रम से पधारे संत भूषण साहेब ने भी कबीर वाणी के आधार पर प्रवचन दिए। शुभारंभ में गणेश साहू, अशोक कुमार, अश्विनी कुमार, फलेश साहू समेत गणमान्य नागरिकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। संयोजक अशोक साहू ने बताया कि सत्संग में गुरुवार को दोपहर 12 से 4 बजे तक भजन प्रवचन व गुरु पूजन सत्संग होगा।

# राजनांदगांव संस्कारधानी है, इसकी धमक प्रदेश में हो गई: रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह आज सोमनी के एक निजी संस्थान में आयोजित ग्रामीणों के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों, कार्यकर्ताओं का सदैव ह्रदय से आभारी रहेंगे, जिन्होंने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद डॉ. रमन सिंह के लिए अपना सब कुछ दॉव पर लगाकर मुझे ग्रामीण क्षेत्र से ऐतिहासिक बढ़त दिलाकर विजयी बनाया।

डॉ. सिंह ने अपने अभिनंदन समारोह में आगे कहा कि उन्हें तब मजा आया, जब दिल्ली में जाकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर घोषणा कर दी कि राजनांदगांव से डॉ. रमन सिंह चुनाव हार रहे हैं और मेरे पास दिल्ली से लगातार केंद्रीय नेताओं के फोन आने लगे, क्या बात है? करके तो मैंने सभी से कहा कि क्षेत्र के कार्यकर्ता पूरी लगन से अपने-अपने मतदान केन्द्रों, शक्ति केन्द्रों व मंडलों में लगे हुए हैं, जिस मेहनत और परिश्रम से कार्यकर्ता कार्य में जुटे हुए हैं, उसे देखकर मैं यह कह सकता हूं कि मुझे ऐतिहासिक मतों से विजयी मिलेगी और हुआ भी वही। एक तरफ नोटों का सैलाब था, साडियों की बहार थी, प्रलोभन व लालच के बल पर मतदाताओं को दिग्भ्रमित कर खरीदने की कोशिश की जा रही थी, किन्तु खरीदने वाले यह भूल गए थे कि यहां संस्कारधानी के लोग रहते हैं जो बिकाऊ नहीं है, इन्हें खरीदा नहीं जा सकता और राजनांदगांव के संस्कारधानी की धमक पूरे देश को पता लग गई।

अभिनंदन समारोह को मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अभिषेक सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल भाजपा के महामंत्री मनोज साहू ने किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, नीलू शर्मा, सचिन सिंह बघेल, महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन, लीलाधर साहू, आभा तिवारी, कृष्णा तिवारी, विवेक साहू, रमन सिंह राजपूत, पप्पू चन्द्राकर, बच्चन देशमुख, नेपाल साहू, खिलेश्वर साहू, अवधेश मिश्रा टेड़ेसरा, गिन्नी चावला, रवि सिन्हा, त्रिगुण टॉक, राजेन्द्र जैन (बंटू), मूलचंद भंसाली, गोलू सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मंडल पदाधिकारी, मतदान केन्द्र के कार्यकर्ता, शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने की उपेक्षा

डॉ सिंह ने भाव-विभोर होकर कहा कि पांच वर्षों तक क्षेत्र के कार्यकर्ता तमाम विपरीत परिस्थितियों से जूझते रहे, विकास के नाम पर राजनांदगांव को लटकाया व भटकाया जाता रहा। कार्यकर्ताओं पर पुलिस दबाव की अनेक घटनाएं हुई, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं को तोड़ने वाले यह भूल गए कि ये भाजपा के कार्यकर्ता हैं, न डिग सकते न बिक सकते। यह क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिद्ध करके दिखा दिया। हमारे मतदान केन्द्र का एक छोटा सा छोटा कार्यकर्ता भी इतना निष्ठावान व समर्पित है कि उसे पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार हिला नहीं सकी।


### अब होगा विकास

डॉ सिंह ने जोर देकर कहा कि अब क्षेत्र को विकास के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, जिस तरह से पहले ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का विकास हुआ है, उसी तरह से एक बार फिर क्षेत्र में विकास के ऐतिहासिक कार्य होंगे, इसके लिए किसी को किसी भी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है, मुझे विकास को लेकर पूरा संज्ञान है, वे विकास कार्य को पूरा करेंगे।









## खबर संक्षेप

### सीए फाइनल प्रथम प्रयास में मेहुल श्रीश्रीमाल ने हासिल की सफलता



**कवर्धा।** धर्मधानी कवर्धा में योग्यता की कोई कमी नही है। यहां के होनहार छात्र-छात्राएं सरकारी परीक्षा हो या फिर स्कूल शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा हर क्षेत्र में अव्वल रहते हैं। इस बार कवर्धा के मेहुल श्रीश्रीमाल पिता सतीश श्रीश्रीमाल व माता इंदु श्रीश्रीमाल कवर्धा जैन समाज के होनहार मेहुल ने सीए फाइनल को प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की।

जिससे मेहुल श्रीश्रीमाल उच्च शिक्षा गुरुकुल कवर्धा के छात्र रहे व ग्रेजुएशन मिठी बाई कॉलेज मुम्बई से की है, जब से कवर्धा में पता चला है, कि मेहुल ने सीए फाइनल को प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त किया। जिस पर मेहुल एवं परिवार को बधाई देने दिन भर तांता लगा हुआ हैं। वहीं मेहुल को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वही मेहुल ने बताया इस सफलता को प्राप्त करने में उसके माता-पिता और गुरुओं का मार्गदर्शन मिलता रहा हैं। मेहुल का मानना हैं कि पूरी मेहनत लगन के साथ यदि पढ़ाई की जाएं तो सफलता जरूर मिलती हैं।


## कार्यवाही: खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ा अवैध धान

# अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्यवाही, 399 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर राजस्व, मंडी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्यवाही की है। जिस पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक ने बताया कि राजस्व निरीक्षक, मंडी निरीक्षक और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बाघूटोला में अवैध धान परिवहन के 2 मामलो मे 120 बोरी एवं 51 बोरी की दो गाड़ी जब्त की गई। उन्होंने बताया कि 40 किलों के हिसाब से लगभग 70 क्विंटल धान जब्त किया गया और मंडी को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि पंडरिया क्षेत्र के 4 प्रकरण में 140 क्विंटल एवं पंडरिया में 15 प्रकरण में 189 क्विंटल धान जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।





### कोई बाहर से अवैध धान लाता है तो उचित कार्यवाही करें

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी समिति प्रबंधकों को अवैध धान आने की जानकारी मिलती है इसकी सूचना प्रदान करें जिसमे कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि धान खरीदी के अंतिम दिनों में कोचिया-बिचौलिया अधिक सक्रिय होते हैं। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि कोई बाहर या अवैध रूप से धान लाता है उन पर कड़ी कार्यवाही करें।

# टीचर्स एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से की भेंट-मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से उनके निज-निवास में भेंट-मुलाकात कर बधाई दी। साथ ही साथ उन्हें ज्ञापन सौंपकर संभाग के शिक्षक संवर्ग की समस्याओं से अवगत कराया। वहीं चर्चा-परिचर्चा के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री को हिंदी विषय के पात्रताधारी सहायक शिक्षक को पदोन्नति उपरांत शिक्षक के पद में काउंसलिंग के माध्यम से पद स्थापना किए जाने, व्यायाम शिक्षकों की शीघ्र पदोन्नति करने तथा विगत वर्ष में पदोन्नति पश्चात संशोधन के निरस्त होने से पीड़ित शिक्षकों के चार माह का लंबित वेतन भुगतान सहित उन्हें संशोधित शाला में कार्यभार ग्रहण कराने की मांग रखी। जिस पर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण की बात कही है। शिक्षा मंत्री से भेंट-मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रदेश महासचिव आयुष पिल्ले, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष कमल वैष्णव, कमल साहू, रेखलाल साहू, लाला राम धुर्वे, नारद साहू, रूपेश देवांगन, राजेश साहू व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए : संतोष



**हरिभूमि कवर्धा।** मंगलवार को कवर्धा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित किया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत लोगों को संकल्प यात्रा के तहत लोगों को शासन की योजनाओं की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए कहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा की कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा इनस्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी काम-काज की सुविधा भी दी जा रही है, इनकी भी जानकारी दी एवं जो जिला एवं जनपद स्तर पर जाकर काम कराना होता है उनको ग्राम पंचायत के माध्यम से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा की कार्यक्रम में लाभ उठाने के लिए आह्वान भी किया विकसित भारत संकल्प यात्रा में दो लोगों को गैस भी प्रदान किया। श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के जन-कल्याणकारी योजना मोदी की गारंटी है उसको लोगों को अवगत कराया तथा लोगों की जुबानी प्रधानमंत्री के योजनाओं से लाभांवित लोगों से रूबरू हुए व प्रधानमंत्री मोदी के योजना से क्या-क्या लाभ प्राप्त किया यह भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू उपस्थित थे, उन्होने मोदी की गारंटी को पूरा करने वाली सरकार, विष्णु देव साय सरकार का सराहना की जो कि अभी वर्तमान में मोदी की गारंटी के तहत अनेक योजनाओं पर हस्ताक्षर कर मोदी की गारंटी को साबित कर दिया यह लोगों को अवगत कराया। साथ ही साथ किसान मोर्चा महामंत्री रामविलास चंद्रवंशी, जिला भाजपा आईटी सेल सहसंयोजक संतराम साहू, ग्राम पंचायत लालपुर के सरपंच, पंच गण एवं माताएं-बहने व विभाग अधिकारी एवं स्कूली छात्र-छात्राओं उपस्थित थें।

## निधन

### स्व. श्रीमती झरवाइन बाई



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा के कबीरपारा निवासी बहरमुड़ा वाले श्रीमती झरवाइन बाई (माधुरी देवी शर्मा) का बुधवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने बुधवार सुबह 7 बजे अपने कबीर निवास में अंतिम सांसे ली। स्व.श्रीमती झरवाइन बाई 95 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान से बिलासपुर मार्ग स्थिति मुक्तिधाम में किया गया। गुरूगोसाई भानुप्रताप एवं कबीरपंथ परिवार की विशेष उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। स्व.श्रीमती झरवाइन बाई (माधुरी देवी शर्मा) कबीरपंथ के गुरु आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब की बड़ी बहन एवं श्री आचार्य पंथ प्रकाशमुनि नाम साहेब की बुआ थी। स्व.श्रीमती झरवाइन बाई पिछले लंबे समय से अस्वस्थ्य थी। वहीं एक निजी अस्पताल एवं उनके घर पर उनका उपचार चल रहा था। उनकी इच्छा थी वह अपने घर पर ही अंतिम सांसें ले। बुधवार को सुबह 7 बजे उन्होंने अपने घर अंतिम सांसें ली। उनके दो पुत्र ललित कुमार शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा व उनके पोते प्रवीण शर्मा, आलोक शर्मा, परितोष शर्मा तथा आषुतोष शर्मा व परिवार तथा कवर्धा सहित कबीरपारा में शोक व्याप्त है।

## आपराधिक गतिविधियों में चौकी दामापुर पुलिस की प्रभावी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दामापुर

दामापुर थाना-चौंकी पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जें से नौ नग देशी प्लेन शराब व शराब बिक्री रकम 120 रूपए जप्त किया है।

जिसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत की गई। जिले अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव व उपपुलिस अधीक्षक हरीश राठौर तथा थाना चौकी दामापुर विमल लवानिया द्वारा अवैध जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब, नशीली दवाओं व अन्य अपराधिक गतिविधियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम मोतेसरा नदी पुल के पास अवैध रूप से आरोपी खेमसिंह पिता देवचरण कोसले आयु 45 वर्ष निवासी सोमनापुर द्वारा अवैध शराब बिक्री हेतु एक हरा सफेद चेकदार रंग कपड़ा के थैला में 09 नग देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री कर रहा है। जिस पर धारा 34,1 ख आबकारी एक्ट अंतर्गत कार्यवाही किया। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक विमल लवानिया, प्रधान आरक्षक बलदाऊ चंद्रवंशी, दिलीप लहरे, नंदलाल राठौर, सेवक राम साहू, शिवा भार्गव का विशेष योगदान रहा।

### अवैध शराब का परिवहन के एक आरोपी को दामापुर पुलिस ने धर-दबोचा



दामापुर। थाना-चौकी दामापुर प्रभारी उप निरीक्षक विमल लवानिया ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सोमनापुर शासकीय माध्यमिक शाला तिराहा के पास अवैध रूप से आरोपी बलराम चौहान पिता रामलाल चौहान आयु 52 वर्ष निवासी सोमनापुर द्वारा अवैध शराब बिक्री हेतु एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 32 नग पौवा देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री के आरोपी गिरफ्तार जेल भेजा गया। जिस पर थाना-चौकी क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब, जुआ, सट्टा-पट्टी एवं नशीली दवाओं व अन्य अपराधिक गतिविधियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में मंगलवार को आरोपी बलराम चौहान पिता रामलाल चौहान के कब्जे से कुल 32 नग देशी प्लेन शराब सीसी में प्रत्येक में 180 मीलीटर सील बंद कुल 5.760 बल्क लीटर कीमत 2560 रूपए व एक मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 28 एच 5946 कुल जुमला कीमती 32560 रुपए को गवाहों के समक्ष कब्जा थाना चौकी दामापुर कुण्डा द्वारा अपराध क्रमांक-09/2024 धारा-34, 2 ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## विकसित भारत 2047 के विषय में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नेहरू युवा केंद्र कवर्धा छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद व जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जिले के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में शामिल सहायक प्रध्यापक लवन सिंह कंवर, व्याख्याता जेके सिंह, अध्यक्ष आस्था समिति दौलतराम कश्यप ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएस जोशी प्राचार्य शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने माय भारत-विकसित भारत 2047 के विषय पर अपना-अपना विचार प्रकट करते हुए बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ अपने-अपने विचार प्रगट किया। इस जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानसी चंद्रवंशी, द्वितीय भावना यादव व तृतीय स्थान रोहित निर्मलकर रहें जिस पर विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन पुरुषोत्तम निर्मलकर पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने किया, कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक- पुनीराम यादव, दुर्गेश साहू, कृर्ती चंद्रवंशी व सूरज निर्मलकर का विशेष योगदान रहा।

### सात दिवसीय विशेष शिविर सिंघनपुरी में संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सिंघनपुरी में 3 से 9 जनवरी तक आयोजित किया गया। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सिंघनपुरी सरपंच प्रतिनिधि गुलाब साहू एवं विशिष्ट अतिथि चंद्रमा साहू, अमर सिंह, विष्णु साहू एवं समस्त पंच ग्राम पंचायत सिंघनपुरी सम्मिलित हुए वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चंदेल एवं सुश्री कविता कन्नौज ने अपने साथ दिवसीय विशेष शिविर का अनुभव साझा किया, वहीं दलनायक हिमांशु कौशिक, उप दलनायक शुभम जायसवाल, दल नायिका दुर्गा साहू ने भी अपने अनुभव साझा किया। सरपंच प्रतिनिधि गुलाब साहू ने कहा यह बहुत गर्व की बात है की एनएसएस का शिविर ग्राम सिंघनपुरी में आयोजित किया गया, महाविद्यालय से आए सभी छात्र-छात्राओं ने जन-जागरूकता का महत्वपूर्ण कार्य किया जिसमें साफ-सफाई, स्वच्छता, शिक्षा दान, जागरूकता रैली, प्रभात फेरी, दीवाल लेखन के साथ-साथ मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवको ने जन-जागरूकता का अलख जगाया, उन्होंने पूरी टीम और महाविद्यालय को इस शिविर के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य डॉ बीएस चौहान ने कहां की महाविद्यालय के बच्चे पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ते हैं निश्चित रूप से यह सात दिवसीय विशेष शिविर सभी छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी साबित होगी, आने वाले समय में इस शिविर का लाभ आपको अवश्य मिलेगा, उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्होंने सभी स्वयंसेवकों के साथ-साथ कार्यक्रम अधिकारी को बधाई दी।

# सीनियर सिटीजन समिति ने आदिवासी ग्रामीणों को साड़ी व कंबल वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सीनियर सिटीजन समिति द्वारा रविवार को कवर्धा विकासखण्ड ग्राम पंचायत सिंघनपुरी अंतर्गत आदिवासी ग्राम डाला-महुआ व घनडबरा के सैकड़ों आदिवासियों महिला-पुरुष एवं बच्चों को कंबल-साड़ी वितरित किए। सीनियर सिटीजन समिति ने सर्वप्रथम भारत माता एवं सर्व धर्म सम्भाव के चित्र का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया।

जिसमें सरपंच प्रतिनिधि गुलाब साहू, पंचों समिति अध्यक्ष मदन तंबोली, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष सुखीराम चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष बलदाऊ प्रसाद सोनी एवं समस्त सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना की गई। उक्त पूर्ण कार्य हेतु समिति संरक्षक एवं कवर्धा के एके श्रीवास्तव द्वारा दस कंबल, समिति के वरिष्ठ सदस्य एके भूआर्य द्वारा 50 कंबल वहीं अन्य सदस्यों द्वारा कंबल प्रदान किया गया।

वहीं साड़ी वितरण श्री माता विंध्यवासिनी मंदिर समिति द्वारा व गुप्ता समाज द्वारा साथ ही साथ समिति द्वारा संचालित नेकी की दुकान हेतु अभ्युदय स्कूल एवं अशोक पब्लिक स्कूल के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा दिए हुए वस्त्र वितरित किया गया।

उक्त कार्यक्रम को सफल समिति सदस्य सूर्यकांत मणि पांडेय, विजेंद्र तिवारी, गोरेलाल शुक्ला, मनहरण पांडेय, संतोष मिश्रा, रमेश तंबोली, भागवत जिन शिंदे, जगतराम निषाद, कन्हैया यादव, ओंकार प्रसाद गंधर्व, रमेश कुमार जायसवाल, हसन अंसारी, ईवन कुमार साहू, शिवकुमार साहू, आर पांडेय, डॉ एनके यदु, सुरेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गुलाब साहू, सचिव मोहनलाल डहरिया एवं आश्रम अधीक्षक श्री पात्रे का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य आदित्य श्रीवास्तव एवं प्रदेश प्रतिनिधि इंजीनियर एसएस जैन द्वारा किया गया।

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## निधन: कमलेश चंद्राकर



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखण्ड पंडरिया अंतगर्त पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा निवासी कुलेश्वर चंद्राकर के बड़ें पुत्र कमलेश चंद्राकर का पिछले कई दिनों से अस्वास्थ्य थें, वहीं बुधवार को स्व.कमलेश चंद्राकर का दोपहर लगभग 2 बजे आकस्मिक निधन हो गया। स्व. श्री चंद्राकर लगभग 35 वर्ष के थें। स्व. कमलेश चंद्राकर का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया, इस दौरान समाज प्रमुखों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई। स्व.श्री चंद्राकर के निधन से चंद्राकर परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

## केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना की विस्तृत जानकारी दी

# पथर्रा व मक्के में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम ग्राम पंचायत पर्थरा-मक्के में आयोजित किया किया। जिस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, कवर्धा जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू एवं सांसद प्रतिनिधि दिनेश चन्द्रवंशी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर देशव्यापी विकास भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इस यात्रा में आम लोगों से सीधा संपर्क करना, उनमें जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल तक पहुंच प्रदान करना शामिल है। विकास भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी तक ग्राम पंचायतों व शहरी क्षेत्रों में आयोजन की जाएगी। इस यात्रा में पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जन औषधि योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाएं चल रही है, इन सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्पीत किए। इसी कड़ी में बुधवार को विकास भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कवर्धा जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पथर्रा एवं मक्के में आयोजन किया गया। जहां सभी विभाग से आए अधिकारी एवं कर्मचारियों ने केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना की जानकारी दिए एवं लाभ पहुंचाएं। सभा को संबोधन करते हुए उन्होने कहां कि केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ ग्रामीणजन तक पहुंच रहे है तथा विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए की केन्द्र सरकार की एक-एक योजना का लाभ पात्रता अनुसार सभी को मिले कोई भी वंचित न रहें इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### रमेश साहू का समाज ने किया सम्मान

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम दामापुर के सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू को प्रदेश साहू संघ का संगठन मंत्री बनाए जाने पर पूरे क्षेत्र के साहू समाज में हर्ष देखा जा रहा है। श्री साहू की ताजपोशी पर बुधवार को साहू समाज की अतरिया मंडल समिति द्वारा मां कर्मा मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और प्रदेश साहू संघ के नव नियुक्त संगठन मंत्री नरेश साहू का सम्मान किया। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक जय राम साहू, मंडल के सचिव ललित साहू, पूर्व मंडल सचिव पुहुप राम साहू, मंडल कोषाध्यक्ष रेखू राम साहू, शोवर्धन साहू, तुलसी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष, ईश्वर साहू, पंचराम साहू, दाऊ राम साहू, सोनू साहू, मेघनू राम साहू, सुखचंद साहू, केशव आदि उपस्थित थे।

### 22 जनवरी को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में स्थित सभी मदिरा दुकानों को बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार 22 जनवरी 2024 को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कबीरधाम जिले में संचालित की देशी, विदेशी, कंपोजिटी मदिरा की दुकानें, एफएल -3 (ग) पर्यटन बार तथा मद्यभण्डारण भण्डागार को शुष्क दिवस पर पूर्णतः बंद रखने तथा जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए हैं।

### केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा इसी माह

**कवर्धा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इसी माह जनवरी में होगी। पहले यह परीक्षा जुलाई और दिसंबर में होती थी। इस बार दिसंबर की परीक्षा 21 जनवरी को होगी।

## मनमानी: बस रोककर चालकों को पहनाई गई जूते चप्पल की माला

# विरोध के नाम पर वाहन चालकों की मनमानी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए हिट एण्ड रन कानून के विरोध में छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन के आव्हान पर जिला ईकाई कबीरधाम ने बीते 9 जनवरी को जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपकर स्टैयरिंग छोड़ो आंदोलन का ऐलान किया और 10 जनवरी को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वाहन चालकों की बैठक में महासंगठन ने फिर अपना आंदोलन स्थगित करने का ऐलान कर दिया।

जबकि इससे पूर्व वाहन चालक इसी कानून के विरोध में 1 जनवरी से 3 जनवरी तक सांकेतिक चक्काजाम कर संपूर्ण व्यवस्था पर चोट पहुंचा चुके हैं। वाहन चालकों की इस मनमानी से अब आम लोगों में भी भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि 9 जनवरी को छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन के आव्हान पर जिला ईकाई कबीरधाम द्वारा स्टैयरिंग छोड़ो आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किए जाने के बाद समूचे जिले में एक बार फिर अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। पेट्रोल पंपों में भारी भीड़ उमडने लगी थी। यात्रियों ने 10 जनवरी को अपनी यात्राएं स्थागित कर दी। वहीं खबर ये भी है कि छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन के स्टैयरिंग छोड़ो आंदोलन के ऐलान के बाद भी दो बस चालक 10 जनवरी की सुबह बिलासपुर से कवर्धा रूट में बसों का संचालन कर रहे थे। जिन्हें कुछ लोगों ने पंडरिया में रोक लिया और भारी हंगामा करते हुए दोनों बसों के चालकों को बसों से नीचे उतारकर उन्हें जूते, चप्पल की माला पहना डाली।

इस दौरान यात्रियों से भरी बस काफी समय तक मार्ग में खड़ी रही जिससे बस सवार यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में यात्रियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है बस और वाहन चालकों की इस मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इस विषय को लेकर दोबारा व्यवस्थाएं प्रभावित न हों। क्योंकि अभी इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि बस व दूसरे वाहन चालक कब हड़ताल का ऐलान कर व्यवस्थाएं प्रभावित कर दें।

### वाहन चालकों में आपसी टकराव की स्थिति



बताया जा रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए हिट एण्ड रन कानून के विरोध को लेकर वाहन चालकों में दो फाड़ हो चुके हैं। एक पक्ष चाहता है कि इस कानून को लेकर विरोध जारी रखा जाए तो दूसरा पक्ष शासन द्वारा दिए एक भरोसे पर सहमत है और वह विरोध से दूर रहना चाहता है। यही वजह है कि बुधवार को पंडरिया में वाहन चालकों के बीच ही यह घटना सामने आई है। माना जा रहा है कि यह स्थिति कभी भी टकराव का रूप ले सकती है ऐसे में बेहतर यही होगा कि शासन-प्रशासन इस समस्या का स्थाई समाधान निकाले और टकराव की स्थिति को समाप्त करे।

# कलेक्टर ने ली वाहन चालकों की बैठक, महासंगठन ने किया आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के साथ बस, ट्रक वाहन चालक संघ और पेट्रोल, डीजल गैस संचालकों की संयुक्त बैठक ली।

कलेक्टर श्री महोबे ने बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कबीरधाम जिले के अंदर राज्य अथवा अन्य राज्यों से आने वाले आवश्यक सेवाओं के परिवहन जैसे डीजल-पेट्रोल, गैस, मेडिकल एम्बूलेंस, खाद्य सामाग्री और आवश्यक समाग्रियों के परिवहनों ना रोका जाए। आवश्यक वस्तुओं के परिवहनों को जिले के अंदर अगर किसी व्यक्ति, संघ अथवा समूह के द्वारा रोकने का प्रयास किया जाएगा तो ऐसे व्यक्ति, संघ अथवा समूह पर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन सहित पेट्रोल, डीजल गैस संचालक, छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन, बस कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन, बस कर्मचारी कल्याण संघ को अवगत कराते हुए बताया कि हिट एण्ड रन मामले पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। कतिपय स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है।

वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों को किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है।

बैठक में छत्तीसगढ़ डायवर महासंगठन, बस कर्मचारी कल्याण संघ ने कहा कि हमारे संघ द्वारा जिले के अंदर आवश्यक वस्तुओं के परिवहन को नहीं रोका जा रहा है और न ही हम किसी अन्य वाहन संघ के द्वारा हड़ताल, चक्काजाम का समर्थन नहीं करते। बैठक में संघ के पदाधिकारी राजेश श्रीवास, केदार कुशवाहा सहित सभी सदस्यों ने लिखित और वीडियों जारी करते हुए कहा कि हमारा संघ के द्वारा सड़कों पर चलने वाले अन्य मॉल वाहक वाहन एवं अन्य चारपाहिया वाहनों के चालकों के किसी भी प्रकार का परेशान नहीं किया जा रहा है।

# कार्य अवधि समाप्त होने के बाद भी नहीं बन पाई ग्राम धोबघट्टी से केसलमरा की 8.53 किमी प्रधानमंत्री सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कांग्रेस शासनकाल के दौरान आम जनमानस की यह शिकायत पूरे पांच साल रही है कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले के ग्रामीण अंचलों में ग्रामीण की मांग और आवश्यकता के अनुरूप निर्माण एवं विकास कार्यो में कोई रूचि नहीं दिखाई है। यहां तक कि जो थोड़े बहुत विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति दी भी गई थी उन्हें भी पूर्ण कराने संबंधित विभाग और उनके ठेकेदारों ने कोई रूचि नहीं दिखाई। ऐसा ही एक मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया से सामने आया है। बताया जाता है कि यहां क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग और समस्या को देखते हुए शासन द्वारा ग्राम धोबघट्टी से केसलमरा तक 8.53 किलो मीटर तक की सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत की थी और सड़क निर्माण के लिए संबंधित कार्य ऐजेंसी को 23.73 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की गई थी। जिसका ठेका संबंधित



कार्य ऐजेंसी ने एक ठेकेदार को दिया था। निर्माण स्थल में लगाए गए कार्य ऐजेंसी के सूचना पटल के मुताबिक विभाग ने वर्क आर्डर जारी करते हुए कार्य प्रारंभ तिथि 31 जुलाई 2023 से पांच माह की तिथि कार्य पूर्णतः के लिए निर्धारित की गई थी। मतलब यह कार्य निर्धारित कार्य पूर्णतः तिथि के मुताबिक दिसम्बर 2023 में ही पूर्व हो जाना था। लेकिन क्षेत्रवासियों की माने तो अभी तक यह सड़क निर्माण प्रारंभ ही नहीं हो पाया है, ऐसे में कार्य पूर्णतः का कोई सवाल ही नहीं उठता। माना जा रहा है कि इस घोरलापरवाही और मनमानी में जितना हांथ संबंधित ठेकेदार का उतना ही संबंधित कार्य ऐजेंसी के आला अधिकारियों का भी है। ग्राम अब सत्ता परिवर्तन के बाद मौजूदा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से इस पूरे मामले की जांच कराए जाने तथा स्वीकृत सड़क को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने की मांग कर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि अब भाजपा के शासनकाल में इस तरह की मनमानी पर कब तक नकेल लग पाएगी और कार्य कब तक पूर्ण हो पाता है।

# सदभावना सर्व वैश्य समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 10 फरवरी को दुर्ग में

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



सद्भावना सर्व वैश्य समाज का सातवां वैवाहिक परिचय सम्मेलन 10 फरवरी 2024 को अग्रसेन भवन रेल्वे स्टेशन के पास अग्रसेन चौक दुर्ग में आयोजित होने जा रहा है।

आयोजन समिति के संरक्षक एवं कसौंधन वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त आयोजन मे शामिल होने संस्था से संपर्क कर 20 जनवरी के पूर्व पंजीयन कराया जा सकता है। छत्तीसगढ़ के बनिक वैश्य समाज के बीच वैवाहिक रिश्ते हेतु विवाह योग्य युवक युवतियों एवं परिजनों को समकक्ष वैश्य समुदाय के बीच विकल्प के विस्तार होने के साथ ही विधवा, विधुर, तलाकशुदा मांगलिक एवं अधिक आयु के अविवाहित लोगों के लिए यह आयोजन काफी सफल एवं सार्थक हुआ है।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रसंशित आयोजन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिसा, मध्यप्रदेश, बिहार, दिल्ली, सहित देश के दस से अधिक राज्यों के सर्व वैश्य (बनिक) समाज के प्रतिभागियों द्वारा शामिल होने पंजीयन कराया जा रहा है। सदभावना सर्व वैश्य विशिष्ठ वैवाहिक परिचय सम्मेलन में शामिल हज़ारों प्रतिभागी में से चार सौ से अधिक प्रतिभागीयों को अपना नया वैवाहिक जीवन आरंभ करने इस आयोजन में बनिक वैश्य समूह के छत्तीसगढ़ी, मारवाड़ी, दसा, बीसा, दानी, अग्रवाल, अयोध्यावासी, जैन, माहेश्वरी, कसौंधन गुप्ता, केशरवानी, गहोई, हलवाई, अग्रहरि, रौनियार, खंडेलवाल सहित समकक्ष वैचारिक समानता वाले बनिक वैश्य समाज के प्रतिभागी, परिजन, समाजसेवी, केवल पूर्व पंजीयन होने पर ही 10 फरवरी 2024 के कार्यक्रम में शामिल हो सकते है।

आयोजन में बनिक वैश्य समाज के सभी समुदाय के प्रतिभागियों को शामिल होने हेतु अपील के साथ कसौंधन वैश्य समाज के सभी जोन जिला क्षेत्रीय सभा संगठन को अपने क्षेत्र के प्रतिभागियों को आयोजन में शामिल होने प्रेरित किया जा रहा है।

# श्रीराम मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा तिथि 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग

- टीचर्स एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्थानीय विधायक कार्यालय में निज सहायक के माध्यम से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर श्रीराम मंदिर मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा तिथि 22 जनवरी 2024 को छत्तीसगढ़ के समस्त स्कूल-कालेज सहित अन्य कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोधया में भगवान श्रीरामलला मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन है। छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों के लिए यह अवसर इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि छत्तीसगढ़ की यह पावन भूमि प्रभू श्रीराम के माताजी कौशिल्या का जन्मस्थली है। इस नाते मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। अतः अयोध्याधम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तिथि 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के समस्त स्कूल-कॉलेज सहित सभी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। एसोसिएशन के जिला पदाधिकारी जागेश्वर साहू को छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक का निज सहायक नियुक्त होने पर बधाई देते हुए शिक्षक एलबी संवर्ग के मांगों का भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में शिक्षाकर्मी के रूप में पूर्व सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन व क्रमोन्नति, पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र के समान 20 वर्ष करना, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, पदोन्नति देना, केंद्र द्वारा देय तिथि जुलाई 2023 से लंबित चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की मांग शामिल है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, देवानंद चन्द्रवंशी, गोकुल जायसवाल, उमेश, हेमलता धुर्वे, ललिता मेरावी, जयप्रकाश, विनोद राजपूत, संजय चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, प्रकाश केशरवानी आदि उपस्थित थे।

## नेशनल हैंडबॉल के बालक वर्ग में कवर्धा के दो खिलाड़ी चयनित



**कवर्धा।** करौली राजस्थान में आयोजित एनएमडीसी कप में कवर्धा हैंडबॉल अचीवर्स अकडमी के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों में भावेश याादव, सोहम चंद्रवंशी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट राजस्थान करोली में 9 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित होगा। जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों के चयन के लिए बीते दिनो एक कैम्प भिलाई में लगाया गया था। जिसमें प्रदर्शन के आधार पर जिले के इन दोनो खिलाड़ियों का चयसन किया गया है। जिले के खिलाड़ी भावेश यादव, सोहम चंद्रवंशी की इस उपलथ्बध पर जिला के जिला शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, वरिष्ठ पीटी आई दिनेश साहू, अश्वनी चंद्राकर, पूर्व सहायक क्रीड़ा अधिकारी हाफिज कुरैशी, पूर्व सहायक क्रीड़ा अधिकारी श्री मोहोबिया, राकेश नाथ, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य श्री लुनिया, पीटीआई. अजय साहू, जिला हैंडबॉल संघ के सचिव हैंडबॉल कोच मोहम्मद गनी खान, सुमित यादव, क्षतिज शुक्ला, नंद कुमार साहू, कनक माली, मदीहा अहमद, प्रियंका बर्वे एवं समस्त सीनियर हैंडबॉल खिलाड़ियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कार्यशाला...




**कवर्धा।** आयुष्मान कार्ड को लेकरसंकुल समन्वयों व शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ।

## कलेक्टर महोबे ने ली समिति प्रबंधकों की बैठक, जारी किए कई दिशा निर्देश

# जिले के सभी पात्र किसानों का धान खरीदने कलेक्टर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने समिति प्रबंधकों से कहा कि जिले के 70 प्रतिशत से अधिक किसानों ने अपना धान का विक्रय कर लिया है। बचे हुए शेष दिनों में सभी पात्र किसानों का धान खरीदना है। इस अंतिम दिनों में पूरी सतर्कता के साथ धान की खरीदी की जाए। धान खरीदी में सभी किसानों को पूरी सुविधा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधकों को अपने क्षेत्र के किसानों के बारे में जानकारी होती है, पूर्व वर्षों के अनुभव के आधार पर धान खरीदी का कार्य पूरा करे। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नही होनी चाहिए। राजस्व और खाद्य विभाग के अधिकारी को टीम गठित कर लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है। जहा गड़बड़ी होगी वहां कारवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समिति प्रबंधकों की बैठक लेकर निर्देशित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि धान खरीदी केंद्र की निरीक्षण के लिए एसडीएम तहसीलदार और खाद्य विभाग की टीम गठित की है। जो लगातार निरीक्षण कर जांच करेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी समिति प्रबंधकों को अवैध धान आने की जानकारी मिलती है इसकी सूचना प्रदान करे। जिसमे कारवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि धान खरीदी के अंतिम दिनों में कोचिया बिचौलिया अधिक सक्रिय होते हैं। उन पर विशेष निगरानी रखते हुए धान खरीदी की जाए। जिन किसानों ने अपना पूरा धान विक्रय कर लिया है उनका रकबा समर्पण की कार्रवाई करे। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी किसान को कोई असुविधा नही होना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार नायब तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि कोई बाहर या अवैध रूप से धान लाता है उन पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों में विशेष निगरानी रखने के जरूरत है। मंडी निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक धान खरीदी केंद्रों में जाकर जांच करे। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व अधिकारी को कोचियों का औचक निरीक्षण कर जांच करने तथा गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी आकांक्षा नायक, सहित संबंधित अधिकारी और समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

# अब घर बैठे अपने मोबाइल से बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड, कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत कबीरधाम जिले के समस्त संकुल समन्वयकों व शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत कबीरधाम जिले के समस्त हितग्राहियों और छात्र छात्राओं के आयुष्मान कार्ड मोबाईल एप के माध्यम से बनाएं जाने के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया, जो कि अपने संकुल के समस्त शिक्षकों को मोबाईल एप के माध्यम से समस्त छात्र छात्राओं के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेंगें। उक्त कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिवंश दिवाकर, सहायक कार्यक्रम समन्वयक संतोष कुमार साहु, राकेश चंद्रवंशी, राजु चंद्रवंशी, डाटा एनालिसिस्ट यशवंत गेन्ड्रे, संकुल समन्वयक सनत तिवारी उपस्थित थें। कार्यशाला में बताया गया कि अब आयुष्मान कार्ड बनाने के लिऐ शासकीय अस्पताल अथवा च्वाईस सेन्टर के चक्कर नहीं काटने पढेंगे बल्कि हितग्राही स्वयं घर बैठे अपने मोबाईल फोन से आसान तरीके से आयुष्मान कार्ड बना सकेंगे व कार्ड निकाल सकेंगे। मरीजों, हितग्राहियों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुऐ स्वास्थ्य मंत्रालय ने आयुष्मान कार्ड सेवा को ओर भी अपग्रेड कर दिया हैं। आयुष्मान पोर्टल या राशन कार्ड से संबंधित मोबाईल नम्बर से लॉगिन करके अपना आयुष्मान कार्ड घर बैठे बना सकेंगे। सरकार ने इस योजना के लिए बनाये गये पोर्टल को समान्य हितग्राही कार्ड बना सके ऐसा अपग्रेड कर दिया है। इसके लिए पात्र हितग्राहियों जिनका राशन कार्ड आधार कार्ड हैं अपने मोबाईल नम्बर से पोर्टल में लगिन कर सकते हैं। आगे पात्र होने पर दिए गए विकल्प अनुसार अपना आयुष्मान कार्ड या अन्य सदस्यों का कार्ड बना सकते हैं अथवा निकाल सकते हैं।